राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



14.24 करोड़ (73.93 प्रतिशत) से अधिक ग्रामीण परिवारों के घरों में अब नल से पानी की आपूर्ति हो रही



उत्तरी जाफना में भारतीय मछुवारों पर टूटी श्रीलंकाई सेना, 19 लोगों को नौका समेत किया गिरफ्तार

वर्ष-60 › अंक -48 रायपुर शुक्रवार 09 फरवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

### यूपीए शासन के कुप्रबंधन पर निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में रखा श्वेत पत्र

# UPA शासनकाल के घोटालों पर चर्चा

## यूपीए ने अच्छी अर्थव्यवस्था को बनाया नॉन परफॉर्मिंग

एजेंसी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूपीए गठबंधन के शासन के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन पर श्वेत पत्र को लोकसभा में पेश कर दिया है। इस श्वेत पत्र में यूपीए सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन पर श्वेत पत्र के माध्यम से भारत की आर्थिक बदहाली और अर्थव्यवस्था पर इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया है। वहीं, इसमें उस समय उठाए जा सकने वाले सकारात्मक कदमों के असर के बारे में भी बात की गई है।



**क्यों लाया गया है श्वेत पत्र?**

सरकार अर्थव्यवस्था के बारे में सदन के पटल पर श्वेत पत्र इसलिए ला रही है ताकि ये पता चल सके कि वर्ष 2014 तक हम कहां थे और अब कहां हैं। इस श्वेत पत्र का मकसद उन वर्षों के कुप्रबंधन से सबक सीखना है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में पहली बार सरकार 2014 में ही बनी थी। उसके पहले लगातार 10 वर्षों यानी 2004-14 तक मनमोहन सिंह की अगुवाई में यूपीए गठबंधन की सरकार रही थी।

**श्वेत पत्र में उल्लिखित मुख्य बिंदुओं में शामिल हैं : कमजोर आर्थिक बुनियाद :** इसमें दावा किया गया है कि यूपीए सरकार ने देश की आर्थिक बुनियाद को कमजोर कर दिया था।

**रुपये के मूल्य में गिरावट :** यूपीए काल के दौरान रुपये के मूल्य में काफी गिरावट आई थी।
**बैंकिंग क्षेत्र संकट :** उस अवधि के दौरान बैंकिंग क्षेत्र संकट में था, जो गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) और तरलता समस्याओं के मुद्दों का संकेत देता है।
**विदेशी मुद्रा भंडार में कमी :** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आई, जो बाहरी आर्थिक स्थिरता पर दबाव का संकेत देता है।
**ऋण का उच्च स्तर :** यूपीए सरकार ने कथित तौर पर पर्याप्त ऋण जमा कर लिया, जिसने राजकोषीय प्रबंधन के लिए चुनौतियाँ खड़ी कर दीं।
**राजस्व का दुरुपयोग :** यूपीए शासन के दौरान राजस्व संसाधनों के अनुचित उपयोग के आरोप भी उजागर किए गए हैं। श्वेत पत्र के अनुसार, UPA सरकार आर्थिक गतिविधियों को अनुकूल बनाने में बुरी तरह विफल रही है। आर्थिक हालात सुधारने के बजाय यूपी सरकार ने बाधाएं पैदा कीं, जिससे अर्थव्यवस्था ठप हो गई। इसने वाजपेयी की एनडीए सरकार के नेतृत्व में सुधारों के विलंबित प्रभावों और अनुकूल वैश्विक परिस्थितियों का फ ायदा उठाया और दीर्घकालिक आर्थिक परिणामों की अधिक चिंता किए बिना अल्पकालिक राजनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए त्वरित आर्थिक विकास का विकल्प चुना।

## चंद्रबाबू नायडू गठबंधन पर चर्चा के लिए अमित शाह, नड्डा से मिले

एजेंसी।



नई दिल्ली तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर त्रिपक्षीय चुनावी गठबंधन पर चर्चा करने के लिए बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा से मुलाकात की। शाम को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे नायडू महत्वपूर्ण बैठक के लिए अमित शाह के आवास पर गए। बातचीत से सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी से मुकाबला करने के लिए तेदेपा-जनसेना-भाजपा गठबंधन पर कुछ स्पष्टता मिलने की संभावना है।अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण की अगुवाई वाली जनसेना ने पहले ही चुनावी गठबंधन की घोषणा कर दी है।जनसेना, जो भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का घटक है, लंबे समय से जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी को हराने के लिए भगवा पार्टी से हाथ मिलाने की कोशिश कर रही है। सीट बंटवारे को लेकर नायडू और पवन कल्याण के बीच पहले ही कई दौर की बातचीत हो चुकी है और बताया जा रहा है कि दोनों के बीच व्यापक सहमति बन गई है। तेदेपा ने 2018 में भाजपा से नाता तोड़ लिया था, मगर 2019 के चुनावों में करारी हार के बाद उसने फिर से गठबंधन करने में रुचि दिखाई।

### कांग्रेस को एक और बड़ा झटका,

## असम में AAP ने उतारे अपने प्रत्याशी..!



**एजेंसी।** इंडिया गठबंधन के एक प्रमुख सदस्य द्वारा एक और एकतरफा घोषणा में आम आदमी पार्टी ने आज असम में तीन लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की. आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने इस उम्मीद से तीन नामों की घोषणा की है कि गठबंधन इन निर्वाचन क्षेत्रों से अनुमति देगा. मनोज धनोहर डिब्रूगढ़ से, भावेन चौधरी गुवाहाटी व ऋषि राज सोनितपुर से आप के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे.

प्रति आप की प्रतिबद्धता पर जोर दिया लेकिन आसन्न चुनावों के लिए तैयार रहने की आवश्यकता को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि हम एक परिपक्व व समझदार गठबंधन के भागीदार हैं. हमें पूरा विश्वास है कि भारतीय गुट इसे स्वीकार करेगा. लेकिन चुनाव जीतना सबसे महत्वपूर्ण है. हम इन तीन सीटों के लिए तुरंत तैयारी शुरू कर रहे हैं. पाठक ने गठबंधन सहयोगियों से बातचीत की प्रक्रिया में तेजी लाने व अभियान की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने का भी आग्रह किया. उन्होंने कहा कि काफी समय से बातचीत चल रही है. बातचीत का कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका है. मेरा मानना है कि चूंकि चुनाव नजदीक हैं इसलिए हमारे पास करने के लिए समय कम है और काम ज्यादा है. हमने असम के लिए तीन उम्मीदवारों की घोषणा की है।

## जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी मनमोहन के योगदान को याद किया जाएगा : मोदी

**नई दिल्ली.** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहनसिंह के योगदान की जमकर सराहना की. उन्होने कहा कि जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो उनके योगदान को याद किया जाएगा. राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के अवसर पर उच्च सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद सदन की कार्यवाही में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मनमोहन सिंह की सराहना की और उनके दीर्घायु होने की भी कामना की. मनमोहन सिंह सहित उच्च सदन के 68 सदस्य फरवरी से मई महीने के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं.





इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आगे कहा कि इस अवसर पर मैं विशेष रूप से डॉक्टर मनमोहन सिंह का स्मरण करना चाहूंगा. वह छह बार इस सदन के सदस्य रहे. वह अपने मूल्यवान विचारों से सदन की चर्चाओं को समृद्ध करते रहे. सदन के नेता के रूप में तथा प्रतिपक्ष में भी नेता के रूप में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है. वैचारिक मतभेदों के कारण कभी बहस के दौरान छींटाकशी हो जाती है लेकिन वह बहुत अल्पकालीन होता है. उन्होंने कहा लेकिन इतने लंबे अरसे तक जिस प्रकार से उन्होंने इस सदन का मार्गदर्शन किया है. जब भी हमारे लोकतंत्र की चर्चा होगी कुछ माननीय सदस्यों की चर्चा होगी, उसमें डॉक्टर मनमोहन सिंह के योगदान की चर्चा जरूर होगी. प्रधानमंत्री ने कहा कि जो भी सदस्य इस सदन में आता है वह चाहे किसी भी दल का क्यों न हो. अपने कार्यकाल के दौरान वह अपनी प्रतिभा व व्यवहार के दर्शन जरूर कराता है. ऐसे सदस्यों के कार्यकाल से मार्गदर्शक के रूप में सीखने का प्रयास होना चाहिए.

पीएम श्री मोदी ने कहा कि वह इन अवसरों पर भी व्हीलचेयर पर आए और लोकतंत्र के प्रति भागीदारी सुनिश्चित की. उन्होंने कहा कि सभी को पता था कि विजय सत्ताधारी पक्ष की होने वाली है लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह व्हीलचेयर में आए और उन्होंने मतदान किया. उन्होंने कहा एक सांसद अपने दायित्व के लिए कितना सजग है उसका वह उदाहरण है. इतना ही नहीं मैं देख रहा था कि कभी कमेटी सदस्यों के चुनाव हुए तो भी वह व्हीलचेयर में वोट देने आए।

## पीएम मोदी की जाति पर सवाल उठाकर फिर फंसे राहुल गांधी, केंद्र से मिला दो टूक जवाब

**एजेंसी।** ओडिशा में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के क्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर बयान दिया। यहां राहुल गांधी ने कहा कि आप लोगों को भयंकर बेवकूफबनाया जा रहा है। पीएम मोदी ओबीसी पैदा नहीं हुए थे। वह तो तेली जाति में जन्मे थे।

अब केंद्र सरकार की तरफसे राहुल गांधी के इस बयान पर पलटवार किया गया है और बताया गया है कि यह सरासर झूठ है। नरेंद्र मोदी की जाति को उनके गुजरात के मुख्यमंत्री बनने से पूरे 2 साल पहले 27 अक्टूबर 1999 को ओबीसी के रूप में अधिसूचित किया गया था। सरकार की तरफसे 'राहुल गांधी की स्टेटमेंट पर तथ्य' शीर्षक से जारी संक्षिप्त नोट में बताया गया है कि नरेंद्र मोदी गुजरात की जिस जाति से आते हैं, वह मोध घांची जाति सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग ओबीसी कैटेगरी में गुजरात में शामिल है। भारत सरकार की गुजरात के लिए 105 ओबीसी जातियों की सूची में नरेंद्र मोदी की जाति मोध घांची भी शामिल है। मंडल आयोग ने सूचकांक 91 (ए) के तहत ओबीसी की एक सूची तैयार की, जिसमें इस जाति को इस कैटेगरी में शामिल किया गया था। सरकार की तरफसे बताया गया है कि इस उप-समूह को जब ओबीसी की सूची में शामिल करने की अधिसूचना 25 जुलाई, 1994 को जारी की गई थी तब गुजरात में कांग्रेस की सरकार थी और भारत सरकार की तरफ से 4 अप्रैल, 2000 की अधिसूचना के अनुसार इस जाति को ओबीसी (सूची में) शामिल किया गया था तब भी नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री नहीं थे।

## हेमंत सोरेन के आवास से बरामद हुई बीएमडब्ल्यू कार धीरज साहू की थी

**एजेंसी** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली वाले आवास से ईडी को जो BMW कार मिली थी। वह कांग्रेस नेता धीरज साहू की मानेसर स्थित एक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है। इसकी जानकारी ईडी सूत्रों ने इंडिया टीवी को दी है। इस मामले में ईडी ने कांग्रेस नेता धीरज साहू को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने धीरज साहू को पूछताछ के लिए 10 फरवरी को बुलाया है। बता दें कि पिछले साल दिसंबर में इनकम टैक्स ने झारखंड में कांग्रेस नेता धीरज साहू के ठिकानों पर रेड की थी। छापेमारी में 351 करोड़ रुपये कैश और बेहिसाब अकूत संपत्ति का पता चला था।

### इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को सीएम ने किया संबोधित

# यूपी को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी

नईदिल्ली,एजेंसी।

सीएम योगी ने अपने हुनर से अपना स्थान बनाने वाले श्रमसाधकों का भी सम्मान किया। इसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अंतर्गत बाराबंकी के राहुल (नाई), लखनऊ से निधि मल्होत्रा (दर्जी), सीतापुर के फिरोज अहमद (मोची) को सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी, जिसे खत्म करके हमने इसे देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया है। प्रदेश में परंपरागत कारीगर, शिल्पकार और युवा उद्यमी जो पहले निराश था आज उसके चेहरे पर उत्साह दिखता है।

उत्तर प्रदेश की ओडीओपी योजना आज आत्मनिर्भर भारत की



आधारशिला बन चुकी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर सेरेमनी के आयोजन के दौरान कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं का शुभारंभ किया। साथ ही विभिन्न जनपदों के परंपरागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मानित किया।

अपने उद्बोधन में सीएम योगी ने एमएसएमई विभाग को धन्यवाद देते हुए प्रदेश के नव उद्यमियों और सम्मानित किये गये कारीगरों और हस्तशिल्पियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में बीते वर्ष ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था, जिसकी सफलता ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसने यूपी के पोटेंशियल को प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया। पहली बार 500 से अधिक विदेश बायर्स, 70 हजार से लोग उसमें सहभागी बने और 3 लाख लोगों का फुट फॉल हुआ। उन्होंने बताया कि फिर से 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन होगा। इसके जरिए एक बार फिर यूपी अपनी क्षमता का प्रदर्शन वैश्विक समाज के सामने करने जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी के हस्तशिल्पी, कारीगर और युवा उद्यमियों के पास क्षमता थी लेकिन उन्हें शासन के प्रोत्साहन और प्लेटफ ार्म की आवश्यकता थी। प्रदेश में हजारों साल से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग की अनेक इकाइयां मौजूद थीं, लेकिन लगातार सरकारी उपेक्षा और इंस्पेक्टर राज के कारण इसके उद्यमी त्रस्त और पलायन को मजबूर थे।

2018 में हमने ओडीओपी योजना को शुरू किया गया, जिसके बाद परंपरागत उद्यम को मार्केट देने, टेक्नोलॉजी प्रदान करने का कार्य शुरू हुआ। परिणाम स्वरूप आज यूपी की ओडीओपी देश में यूनिक योजना बन चुकी है।

### लोकसभा में शून्य काल में उठाया मामला

## नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय की मांग की सांसद संतोष पांडे ने

लोकशक्ति - संवाददाता।



सांसद संतोष पांडे ने आज लोकसभा के शून्यकाल में नवगठित अनुसूचित जिला मानपुर-मोहला-चौकी में नवोदय विद्यालय के साथ ही केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में नवोदय विद्यालय की स्वीकृति की मांग की है। संसद में शून्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि संसदीय क्षेत्र के जिला कबीरधाम में 25 करोड़ की लागत से नवीन केंद्रीय विद्यालय भवन तैयार है जिसके लोकार्पण के लिए माननीय शिक्षा मंत्री की उपस्थिति का अनुरोध किया है । उन्होंने दोनों जिले में नवोदय विद्यालय स्वीकृत की अनिवार्यता के पीछे बताया कि मानपुर-मोहला-चौकी पूर्णता आदिवासी जिला है तथा तीनों जिलों से मात्र 80 बच्चों का कक्षा छठवीं में प्रवेश दिया जाता है जिससे मोहला मानपुर चौकी के आदिवासी छात्र-छात्राएं को दुरस्थ होने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा में परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिससे वे उचित संख्या में प्रवेश से वाचित हो जाते है। ऐसी स्थिति में दोनों जिलों में नवोदय विद्यालय तथा केंद्रीय विद्यालय स्वीकृति अपरिहार्य है ।

## कांग्रेस को एक और बड़ा झटका, पूर्व महाधिवक्ता शशांक शेखर ने थामा भाजपा का दामन

एजेंसी। आगामी लोकसभा से पूर्व मध्य प्रदेश के महाकौशल अंचल में लगातार दूसरे दिन कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। मप्र के पूर्व महाधिवक्ता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशांक शेखर ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इससे एक दिन पहले ही जबलपुर नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, डिंडोरी जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, उपाध्यक्ष अंजू जितेन्द्र ब्यौहार, डिंडोरी के पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बिहारी शुक्ला, सिंगरौली जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, पूर्व जनपद सदस्य, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष, ब्लाक प्रभारी सहित करीब 50 कांग्रेस नेताओं ने पार्टी को अलविदा कह भाजपा का दामन थाम लिया था।

# सर्वे : लोकसभा में भाजपा का रहेगा जलवा, हिन्दी पट्टी राज्यों से बहुमत सीटें

नईदिल्ली,एजेंसी।

**एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 का ऐलान होने में करीब एक महीने का ही वक्त बाकी है। अप्रैल और मई महीने में आम चुनाव होंगे और माना जा रहा है कि देश भर में 7 चरणों में मतदान होगा। इस बीच अलग-अलग चैनलों के सर्वे भी आने लगे हैं, जिनमें चुनावी अनुमान जाहिर किए गए हैं।

सर्वे के मुताबिक राम मंदिर वाले राज्य उत्तर प्रदेश में भाजपा एक बार फिर से जलवा दिखा सकती है। यहां उसका वोट शेयर भी 50 फीसदी के करीब रहेगा और करीब 70 सीटें अकेले ही पा सकती है। वहीं उसकी सहयोगी 'अपना दल' को भी 2 सीट मिलने का अनुमान है। सपा के खाते में महज 7 और कांग्रेस को 2 सीटें मिल सकती हैं।

### हिंदी पट्टी के किस राज्य में कितनी सीटें मिलने का है अनुमान...

- यूपी- 72
- बिहार- 35
- हरियाणा- 8
- दिल्ली- 7
- राजस्थान- 25
- मध्य प्रदेश- 27
- छत्तीसगढ़- 10
- उत्तराखंड- 5
- हिमाचल- 4
- झारखंड- 12



इन राज्यों में यूपी, बिहार, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल और उत्तराखंड शामिल हैं। इन्हीं राज्यों से भाजपा 200 से ज्यादा सीटें हासिल कर सकती है। बता दें कि गुजरात, महाराष्ट्र में भी भाजपा की अच्छी स्थिति है। गुजरात में 2019 में भी उसने क्लीन स्वीप किया था और यहां कांग्रेस पहले से भी कमजोर दिख रही है। महाराष्ट्र की बात करें तो वहां शरद पवार के हाथ से पार्टी ही छिन चुकी है और उद्धव ठाकरे की शिवसेना पहले ही दोफाड़ है। भाजपा से सीधे मुकाबले में कांग्रेस कमजोर ही नजर आती है।

वहीं टाइम्स नाउ चैनल के सर्वे में बिहार का अनुमान पेश किया गया है। इसके मुताबिक नीतीश कुमार के पालाबदल से एनडीए को बड़ा फायदा मिलेगा, लेकिन 2019 से आंकड़ा थोड़ा कम रहेगा। सर्वे में अनुमान जताया गया है कि एनडीए को बिहार में 35 सीटें मिल जाएंगी। वहीं आरजेडी, कांग्रेस और वामदलों के गठजोड़ को 5 सीटें ही मिलेंगी। राज्य में कुल 40 लोकसभा सीटें हैं। इंडिया टुडे के 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे के मुताबिक भाजपा को हिंदी पट्टी कहे जाने वाले 10 राज्यों में बड़ी बढ़त हासिल हो रही है। अकेले इन्हीं राज्यों से वह 205 सीटें हासिल कर लेगी।

ऐसे में 48 सीटों वाले इस राज्य में भाजपा अब मजबूत होती दिख रही है।

जिन 3 राज्यों में भाजपा की हुई थी जीत, वहां रू चुनाव में अब किसका जलवा

ऐसे में इन दोनों राज्यों में यदि उसे बड़ी जीत मिली तो कुल 12 राज्यों से ही बहुमत का जुगाड़ हो जाएगा। फिर ओडिशा, बंगाल, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों से मिलने वाली सीटें उसके लिए बोनस की तरह होंगी। सर्वे को देखते हुए भाजपा अकेले दम पर 300 पार का अनुमान भी लगा सकती है।

## किसानों की ताकत से ही देश का सामर्थ्य और मजबूती- केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा

**एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना (पीएमएफ बीवाई) के अंतर्गत केंद्रीयकृत किसान रक्षक हेल्पलाइन 14447 और पोर्टल, कृषि-बीमा सैंडबॉक्स फ्रे मवर्क प्लेटफ ार्म सारथी एवं कृषि-समुदाय के लिए लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) प्लेटफॉर्म का दिल्ली में शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी, केंद्रीय कृषि सचिव श्री मनोज अहूजा भी उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान में 61 देशों और पांच बहुपक्षीय निकायों के साथ अंतरिक्ष सहकारी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए हैं

**संवाददाता।** सहयोग के प्रमुख क्षेत्र उपग्रह रिमोट सेंसिंग, उपग्रह नेविगेशन, उपग्रह संचार, अंतरिक्ष विज्ञान और ग्रह अन्वेषण तथा क्षमता निर्माण हैं । सरकार ने आज बताया कि वर्तमान में 61 देशों और पांच बहुपक्षीय निकायों के साथ अंतरिक्ष सहकारी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सहयोग के मुख्य क्षेत्र उपग्रह रिमोट सेंसिंग, उपग्रह नेविगेशन, उपग्रह संचार, अंतरिक्ष विज्ञान और ग्रह अन्वेषण तथा क्षमता निर्माण हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) पहले से ही संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी (नासा) के साथ मिलकर 'निसार (नासा इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार)' नामक एक संयुक्त उपग्रह मिशन को साकार करने के लिए काम कर रहा है, जो कार्यान्वयन के उन्नत चरण में है। इसरो 'तृष्णा' (उच्च रिज़ॉल्यूशन प्राकृतिक संसाधन मूल्यांकन के लिए थर्मल इन्फ्रारेड इमेजिंग सैटेलाइट) नामक एक संयुक्त उपग्रह मिशन को साकार करने के लिए भी सीएनईएस (फ ्रांसीसी राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी) के साथ कार्य कर रहा है, जो शुरुआती चरण में है।

## क्राईम डायरी....

### टिफिन में भरकर ले गया जेवर, अब पकड़ा गया



**बिलासपुर ।** प्रार्थी कामेश्वर सोनी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करवाया कि लगभग एक माह पहले उसके घर लिपाई पुताई का काम चल रहा था इसी दौरान उसके घर में काम करने वाला विक्रम सूर्यवंशी चोर भट्ठी थाना कोटा ने पुताई करते-करते मौका पाकर उसके चांदी के जेवरात 8 जोड़ी पायल कुल 16 पायल को टिफिन में भरकर चोरी कर ले गया था जिसे संदेह के आधार पर थाना लाकर पूछताछ किया गया जो अपना जुर्म स्वीकार किया और अपने कब्जे से 16 नग पायल कीमती लगभग 35000 निकाल कर गवाहों के समक्ष पेश किया उक्त कार्यवाही में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र कुमार जायसवाल, सीएसपी कोतवाली पूजा कुमार के दिशा निर्देश पर थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर, सहाय उप निरीक्षक भानु पात्रे, आरक्षक प्रेम सूर्यवंशी, आरक्षक गोकुल जांगड़े, आरक्षक सैयद नुरुल कादिर ने तत्परता से कार्यवाही किया ।

### एटीएम तोड़कर चोरी करने का प्रयास, नाबालिग पकड़ाया



बिलासपुर। गोलबाजार स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के एटीएम में चोरी करने की नीयत से घुसकर एटीएम में तोड़फोड़ करने वाले एक नाबालिक को एसीसीयू टीम बिलासपुर एवं थाना कोतवाली के कर्मचारियों द्वारा रंगे हाथों पकड़ा गया है, एटीएम मैनेजर वीरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। घटना का विवरण इस प्रकार है कि 5 फरवरी के रात्रि लगभग 2:30 बजे सूचना मिला की गोल बाजार चौक स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया के एटीएम में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा छेड़छाड़ किया जा रहा है, सूचना पर एसीसीयू बिलासपुर की टीम एवं थाना कोतवाली के कर्मचारियों द्वारा तत्काल गोल बाजार चौक स्थित एटीएम पहुंचकर चेक किया गया, एटीएम में एक 15 वर्षीय नाबालिक हथौड़े से एटीएम मशीन को तोड़कर रकम चोरी करने का प्रयास करते रंगे हाथों पकड़ा गया ,जिसके पास से एक नग हथौड़ा जप्त किया गया है । मामले में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है ।

### भिलाई के पार्षद के खिलाफ धोखाधड़ी का केस




भिलाई। सुपेला थाना पुलिस ने भिलाई नगर निगम के पार्षद और उप सभापति इंजीनियर सलमान पिता मोहम्मद सुभान के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शारदापारा वार्ड 35 छावनी भिलाई निवासी सलमान के ऊपर निगम चुनाव में फर्जी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर चुनाव लडने़ का आरोप है। सुपेला पुलिस ने उनके खिलाफधोखाधड़ी, दस्तावेजों का दुरुपयोग और जानबूझ कर दस्तावेजों में कूट रचना के मामले में धारा 467, 468, 71 एवं 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। भिलाई नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा और वार्ड 35 के छाया पार्षद चंदन यादव ने इस मामले में सुपेला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि साल 2021 में नगर निगम भिलाई का चुनाव आयोजित किया गया था। उसमें इंजीनियर सलमान ने फर्जी व कूटरचित दस्तावेज पेश करके पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ा था। इन्ही फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसने अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षित वार्ड से चुनाव जीता है।

### फैक्ट्री के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर। गोगांव स्थित पंकज इस्पात कंपनी के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रभान सोनवानी 39 वर्ष दांडे मोहल्ला गोगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 22 टी 2522 को पंकज इस्पात कंपनी के पास खड़ी किया थाा, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है7

### मामूली विवाद पर दो पक्ष भिड़े

रायपुर। हीरापुर स्थित टेंगना तालाब के पास मलबा गिराने के विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस नेक काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी सतविंदर सिंह 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी तपेश्वर तिवारी, हिमांशु तिवारी ने प्रार्थी को अपने घर के पास मलबा गिरवाने के विवाद पर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी तपेश तिवारी 43 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सतविंदर सिंह व जसविंदर सिंह ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# गांव चलो अभियान में मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, निर्वाचित जनप्रतिनिध, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता करेंगें 24 घंटे का प्रवास

**रायपुर लोकशक्ति।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, गांव चलो अभियान के प्रदेश सह संयोजक एवं विधायक मोतीलाल साहू एवं श्रीमती गोमती साय ने आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, अन्तर्वाह्य सुरक्षा, सांस्कृतिक उत्थान एवं विश्व में भारत के गौरव में वृद्धि सहित विकास के सभी आयामों पर अतुलनीय कार्य हुआ है। भारतीय जनता पार्टी की गरीब कल्याण के प्रति विकास दृष्टि एवं अपनी सरकारों के द्वारा संपन्न हुए विकास कार्यों को जन-जन तक ले जाकर, जनता का विश्वास अर्जित करते हुए 2024 के




लोकसभा चुनाव में पुनः समर्थन जुटाना है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि गाँव चलो अभियान का प्रारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गत 4 फरवरी को कर दिया है वहीं छत्तीसगढ़ में भाजपा 7 फरवरी से लेकर 11 फरवरी तक गाँव चलो अभियान चलाएगी। भाजपा के गाँव चलो अभियान के तहत प्रदेश के 20 हजार गांवों में भाजपा कार्यकर्ता जाएंगे। गांव चलो अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर में, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव रायपुर ग्रामीण में एवं गांव चलो अभियान के प्रदेश संयोजक नारायण चंदेल जांजगीर में प्रवास कर 24 घंटे रहेंगे। गांव चलो अभियान में मुख्यमंत्री से लेकर सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सहित सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता गाँवों में जाकर वहां के लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताएंगे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि गाँव चलो अभियान के लिए जिले में एक संयोजक एवं दो सह-संयोजक बनाए गए हैं वही मंडल स्तर में एक संयोजक एवं एक सह-संयोजक बनाए गए हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता गाँव चलो अभियान में शामिल होगा देशभर के लगभग 7 लाख गाँवों में जाकर भाजपा कार्यकर्ता एक दिन का समय व्यतीत करेगा। गाँव चलो अभियान का मुख्य विषय है कि गाँव में जो समस्याएँ है।

वहां जाकर लोगों की समस्याओं के बारे में जानना है, आम जनता से मिलकर मोदी सरकार की योजनाओं को की जानकारी देना है साथ-ही-साथ पार्टी की जो गतिविधियाँ हैं, बूथ कमेटी, स्वच्छता अभियान, बूथों को किस तरह से मजबूत करने पर विचार, वरिष्ठजनों से मुलाकात करेंगे।

# छत्तीसगढ़ में सरकार ने 400 करोड़ खर्च कर 5 सालों तक भरी उड़ान, सीएम साय ने दिया लिखित जवाब..

**रायपुर लोकशक्ति।**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा में प्रश्न करते हुए सरकारी उड़ान पर खर्च की जानकारी मांगी गई थी। जिस पर मिले जवाब में यह पता चला है कि पिछले 5 सालों में 400 करोड़ रुपये का खर्च किया गया है। जानकारी में यह भी पता चला है कि इसमें लगभग 260 करोड़ रुपये निजी विमान कंपनियों के खाते पर गए है।

इसकी जानकारी प्रदेश के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में लगाए गए सवाल की लिखित में जानकारी दी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जानकारी देते हुए पिछले पांच सालों के खर्चे का व्योरा प्रस्तुत किया है। सत्ता पक्ष के विधायक राजेश मूणत ने विधानसभा में लिखित सवाल लगाते हुए जानकारी मांगी की सरकार ने 1 जनवरी साल 2019 से लेकर नवंबर 2023 तक हेलीकॉप्टर और विमान पर कितना पैसा खर्चा किया है। विधायक राजेश मूणत के इस सवाल के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और विमान



विभाग के मंत्री विष्णुदेव साय ने प्रश्न का लिखित जवाब देते हुए पूरी जानकारी दी है। सीएम साय ने अपने जवाब में बताया कि सरकारी हेलीकॉप्टर के रखरखाव, पार्ट्स और इसकी खरीदी में 19 करोड़ 62 लाख 33 हजार 506 रुपए की राशि खर्च की गई है। इसके साथ ही इसमें अन्य खर्च 14 करोड़ 76 लाख 15 हजार का है।निजी हवाई खर्च पर सीएम ने कहामुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जवाब में कहा कि 1 जनवरी साल 2019 से लेकर नवंबर 2023 तक निजी हेलीकॉप्टर कंपनी को 190 करोड़ 61 लाख 93 हजार 891 रुपये इसके साथ ही विमान कंपनी में किया गया खर्च 73 करोड़ 65 लाख 54 हजार 800 रुपये है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा : 540 लोग हुए लाभान्वित,

# महतारी वंदन योजना में 61 महिलाएं पंजीकृत

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज से राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का दूसरा चरण प्रारम्भ हो गया। आज केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को जानकारी देकर



अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने नगर निगम जोन क्रमांक 3 के महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 12 के तहत प्रगति मैदान जिला अस्पताल के पास पंडरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण का दूसरा शिविर दिन की दूसरी पाली में लगाया गया। शिविर की व्यवस्था का अवलोकन वार्ड पार्षद एवं जोन 3 जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू ने जोन 3 जोन कमिष्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियन्ता सुशील मोडेस्टस, राकेश अवधिया एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। शिविर में राज्य शासन की महतारी वंदन योजना का स्टाल लगाया गया, जिसमें पात्र 41 महिलाओं का पंजीयन किया गया। महतारी वन्दन योजना के सम्बन्ध में जानकारी 293 महिलाओं ने प्राप्त की। स्वास्थ्य शिविर के स्टाल पर 412 नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की, 187 नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में 1103 नागरिकों ने केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

# एटी ज्वैलर्स कोतवाली के प्रायोजित एफसीसी कप सीज़न 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य ऑक्शन



**रायपुर** जिसमें ट्रॉफी का अनावरण किया गया,जिसका आयोजन विवेक भोजवानी एवं उनकी एफसीसी कमेटी द्वारा कराया जाता है,जिसका आईपीएल आयोजन आईपीएल की तर्ज़ पर किया जाता है। एफसीसी कप में शहर के 12 टीमें और लगभग 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और अपना दम खम दिखाएंगे, ये टूर्नामेंट 26 फरवरी से खेला जाएगा,रायपुर में अपनी एक नई पहचान बनाने और छत्तीसगढ़ के उभरते खिलाड़ियों को एक सुनहरा अवसर देते है आगे आने के लिए एफसीसी टूर्नामेंट के मुख्य प्रायोजक एटी ज्वैलर्स कोतवाली हैं,

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा 14 को नि:शुल्क सर्व ब्राह्मण सामूहिक उपनयन संस्कार का भव्य आयोजन

रायपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा दिनांक 14 फरवरी 2024 बुधवार को आशीर्वाद भवन, बैरन बाज़ार, रायपुर में नि:शुल्क सर्व ब्राह्मण सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया है। उपनयन संस्कार में आज पर्यंत लगभग 70 बटुकों का पंजीयन प्राप्त हो चुका है। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर, कोरबा, अभनपुर, कवर्धा, बलौदाबाजार, भाटापारा, कांकेर रायपुर जिलो सहित अन्य राज्य गोंदिया महाराष्ट्र से भी बटुक सम्मिलित हो रहे हैं। उपनयन संस्कार की विशेषता है कि यह पूरा कार्यक्रम पूरी विधि-विधान के साथ विद्वान पंडितों के द्वारा सम्पन्न कराया जाता है। पंजीयन की अंतिम तिथि 9 फ़रवरी 2024 निर्धारित है । बाहर से आने वाले बटुकों के ठहराने की व्यवस्था आशीर्वाद भवन में की गई है 7 उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक पं. शशिकांत मिश्र दी।

# अहमदाबाद के सिंधू महोत्सव मे सतीश कन्हैयालाल छुगानी हुए सम्मानित



**रायपुर**

गत रविवार भारत शासन के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद द्वारा अहमदाबाद के सिंधू भवन में सिंधी रूट्स सिंधी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रुप में राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और इंदौर सांसद शंकर लालवानी के साथ साथ मध्यप्रदेश से विधायक अशोक रोहाणी, भगवानदास सबनानी व गुजरात नरोड़ा विधायक श्रीमती पायल कुकरानी शामिल हुए। कार्यक्रम में एनसीपीएसल के वाइस चेयरमैन मोहन मंघनानी व एग्जीक्यूटिव सदस्य तुलसी भाई टेकवानी ने छत्तीसगढ से सतीश छुगानी जी को नामित करते हुए उनके सामाजिक कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा मुख्य अथिति व अन्य अतिथियों ने सभागार मे लगभग 1000 से अधिक की संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों के समक्ष सतीश छुगानी जी का सम्मान पूर्वक अभिनंदन किया, तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम मे भारतीय सिंधू सभा के संरक्षक लाधाराम नागवानी तथा परम पूज्य संत श्री युद्धिष्ठिर लाल जी ने आर्शीवाद प्रदान किया।

## राम लला दर्शन के लिए पहली ट्रेन आस्था स्पेशल दुर्ग से आज होगी रवाना



*रायपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री दयाल दास बघेल दर्शन समिति संयोजक धरम लाल कौशिक दिखाएंगे आस्था स्पेशल को हरी झंडी श्रीरामलला के दर्शन को लालायित छत्तीसगढ़वासियों के लिए हर्ष का समाचार है कि श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत पहली ट्रेन दुर्ग से जाएगी। श्रीराम के, पुण्य-पावन अयोध्या धाम के दर्शन हेतु राम जी के ननिहाल छत्तीसगढ़ से 1,340 यात्री 20 बोगियों से रवाना होंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री दयाल दास बघेल समिति संयोजक धरम लाल कौशिक सहित वरिष्ठ पदाधिकारी आस्था स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे ट्रेन में जाने वाले यात्रियों का स्वागत किया जाएगा ट्रेन दुर्ग स्टेशन से दोपहर 12.20 को रवाना होगी और सीधे अयोध्या जायेगी।*

## पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने विदेश मंत्री, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ के भिलाई की महिला दीपिका जोगी की मदद करने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज आगे आये। ओमान के मस्कट में बंधक बनाई गई महिला की मदद के लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर जी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मुख्य सचिव, डीजीपी छत्तीसगढ़ पुलिस, जिलाधीश दुर्ग, पुलिस अधीक्षक दुर्ग को पत्र लिखा है।पत्र में उन्होंने अनुरोध किया है कि समाचार माध्यमों में यह खबर प्रसारित हुई है कि हमारे राज्य छत्तीसगढ़ की एक महिला जो कि वार्ड 27 शक्ति नगर सड़क 16 खुर्सीपार भिलाई



जिला दुर्ग की निवासी है। वह 30 मई 2023 को करल की एक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से हाउस मेड का काम करने ओमान की राजधानी मस्कट भेजी गयी थी। उस महिला ने अपना एक वीडियो भेजकर बताया है कि उसके साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा, प्रताड़ित किया जा रहा। उसे घर वापस नहीं आने दिया जा रहा, वहां पर जिनके यहां वह काम करती है उसकी मालकिन धमका रही है कि 3 लाख रू. दो वर्ना दूसरे को बेचकर पैसा वसूलेंगे। यह मामला बेहद ही गंभीर है देश की और हमारे प्रदेश की एक महिला विदेश में संकट में फंसी है। मेरा आपसे आग्रह है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर उक्त महिला दीपिका जोगी को तत्काल स्वदेश वापसी के प्रबंध सुनिश्चित करवाने का कष्ट करें।

# अघरिया समाज के देव चरण पटेल बने अध्यक्ष

**लोकशक्ति। रायपुर** अघरिया समाज सेवा समिति रायपुर के समस्त पदों का निर्वाचन बहुत ही सौहार्द पूर्ण तरीके से निर्विरोध संपन्न हुआ। अध्यक्ष - देव चरण पटेल ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष - तेज राम नायक कोषाध्यक्ष - राजेंद्र पटेल सचिव - खिरसिन्धु पटेल ,सह सचिव - श्रीमती रुकमनी पटेल , बैठक में उपस्थित समस्त सामाजिक बंधुवो एवं वरिष्ठजनों से साथ चर्चाकर सर्व सम्मति से निम्न पदों का मनोनयन किया गया -,वरिष्ठ सलाहकार - डॉ. एम एल नायक ,डॉ सीताराम पटेल ,धनेश पटेल ,संरक्षक- ,श्रीमती रजनी पटेल, श्रीमती लता चौधरी ,उपाध्यक्ष- श्रीमती सरिता पटेल, कौशल प्रसाद पटेल, बिहारीलाल चौधरी कार्यकारिणी सदस्य - डॉ. किशोर कुमार पटेल ,डॉ. टीकम सिंह नर्मदा ,सुनील पटेल (सुंदर नगर),राजनारायण पटेल अनिल पटेल ,श्रीमती रेवती चौधरी ,श्रीमती कल्पना पटेल ,सुनील कुमार पटेल (कोटा वाले), रमेश पटेल ,अंकेक्षक - नितिन पटेल,मीडिया प्रभारी - प्रेम लाल पटेल,विधिक सलाहकार - श्रीमती मंजू पटेल ,उक्त कार्यक्रम में समाज के निम्नलिखित गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए - डिंगरो लाल पटेल ,तुलसी राम नायक,



हृषिकेश चौधरी, संतोष पटेल , अनिल पटेल, प्रेमलाल पटेल, केदार नाथ पटेल, पोकराम पटेल, आशीष नायक, दिनेश पटेल, मोतीचंद पटेल, विष्णु पटेल, दीपक पटेल, यशवंत नायक, मोहन पटेल, नरेश नायक, दुर्गाचरण पटेल, विनोद नायक, पंकज चौधरी, श्रीमती आशा पटेल, हीराधर पटेल, श्रीमती लीता पटेल, दिनेश पटेल, शैलेन्द्र कुमार पटेल, कपिलदेव नायक, कैलाश पटेल, श्रीमती पद्मा पटेल, श्रीमती मीनापटेल, श्रीमती सुषमा चौधरी एवं समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. **152408** / निविदा सूचना क्र. 36 / वलेलि / 2023-24, बालोद दिनांक 06.02.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **27.02.2024** 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम** – बालोद जिले के विकासखण्ड डौण्डीलोहारा की कुर्रूभाट जलाशय के शीष कार्य का जीर्णोद्वार, मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 4140 मी. एवं माईनर आर.डी. 0 मी. से 1140 मी. तक का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य, 06 नग सुपर पैसेज, 04 नग व्ही.आर.बी., 04 नग 01 मी. फाल का निर्माण एवं 19 नग कुलाबा लगाने का कार्य।

अनुमानित लागत – **रू. 257.89 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **13.02.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

G-07590/8

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बालोद

# समाज व देश के लिए बेहतर काम कर सकता है शिक्षित व्यक्ति- डॉ.सम्पत अग्रवाल

**बसना**

बसना नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं शालेय पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एनके पण्डा विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी, नगर पंचायत बसना अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, प्रकाश सिन्हा, अभिमन्यु जायसवाल, पूर्व शिक्षक एनएल भोई, नवीन साव और नरहरी पोर्ते रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी।विद्यालय में वर्ष भर की गतिविधियों के विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के अलावा वार्षिक उत्सव में सत्य, सेवा, शक्ति और शांति के




नाम पर रखे चार सदनों के बीच आयोजित प्रतियोगिता जैसे कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, 100मीटर दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिता खेले गये। जिसमे प्रथम स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को गोल्ड मेडल एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को सिल्वर मेडल से पुरस्कृत किया गया। गत सत्र 2022-23के परीक्षा परिणाम में कक्षावार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को और भारत स्काउट गाईड में 22 बालिका जो आपदा प्रबंधन शिविर महासमुंद, 04 बालिका आपदा प्रबंधन शिविर पंचमढ़ी, 10 बालिका तृतीय सोपान शिविर झलप और 06 राज्यपाल पुरुस्कार बालिका को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके अलावा 12वीं की छात्रा रुमेला खान जिसे अल्पसंख्यक आयोग द्वारा पुरुस्कृत और बेस्ट स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर पुरुस्कार कल्याणी राजपूत को विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल और अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य ज्ञान प्रदान करना है। जिससे एक व्यक्ति की सोच का पोषण करती है और उन्हें जीवन में सोचने, कार्य करने और आगे बढ़ने की क्षमता प्रदान करती है। निश्चित ही एक शिक्षित व्यक्ति समाज व देश के लिए बेहतर काम कर सकता है। पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से आंरभ कर आज विधायक बने है। लेकिन इसके लिए उन्होंने कठिन परिश्रम किया है प्रतिदिन और समय पर स्कूल आना आदत था। विद्यालय के प्राचार्य एनके पण्डा स्वागत भाषण और मांग पत्र का वाचन किया वही विद्यालय के बालिकाओ ने सेनेटरी डिस्पोज मशीन और वाटर कूलर की मांग की जिसे विधायक ने पूरा करने का बात कही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विवेकानंद दास ने किया।

# अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में आज में नि:शुल्क नेत्र शिविर

**पिथौरा**

पंडरीपानी में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण एवं संस्कृतिक कार्यक्रम पर मुख्यातिथि ग्राम पंचायत कंचनपुर के सरपंच राजेश साव , वरिष्ठ प्रधान पाठक अरुण कर , बिदेशी निषाद अध्यक्ष शाला प्रबंधक समिती, उपसरपंच राजकुमारी निषाद , मनोज कुमार राणा वरीष्ठ शिक्षक ने मिलकर माँ सरस्वती एवं शहीद खगेन्द्र कश्यप के छाया चित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया , ज्ञात हो कि कोरोना नामक एक वॉयरस के चलते कुछ वर्ष स्कूली छात्र - छात्राओं का कार्यक्रम नही हो पा रहा था , अब कोरोना नामंक वॉयरस की समाप्त होते ही , स्कूल के बच्चों की हौसला को बुलंद करने के लिए समय समय पर कबड्डी , फुकड़ी , खेल -कूद एवं रंगारंग कार्यक्रम से बच्चों के चेहरे पर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है , आज पंडरीपानी के प्रधानपाठक गीता पण्डा ने बताइ बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद भी बहुत जरूरी है , हमारे पढाने एवं बच्चों को प्यार दुलार के



नाम से यहाँ एक भी बच्चे कोई भी प्राइवेट स्कूल में पढ़ने नही गए ये हमारे लिए गर्व की बात है , और आज बच्चे को प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्यक्रम रखा गया है ,इस कार्यक्रम में जो बच्चे प्रतिदिन स्कूल आए हैं , जो बच्चे प्रतिदिन शिष्टाचार पर रहे , कबड्डी , फुकड़ी ,खो -खो आदि खेलो में प्रथम , तथा पढ़ाई में प्रथम आए छात्र -छात्राओं का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम गया ताकि बच्चे खुश होकर स्कूल आने में पढ़ाई लिखाई में रुचि रखे और अपने भविष्य में कुछ अच्छे कार्य कर दिखाए अपने माता पिता , अपने गाँव , अपने पढ़ाए हुए शिक्षक का नाम रोशन करें ,कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि ग्राम पंचायत कंचनपुर सरपंच राजेश साव , अरुण कर गरिष्ठ शिक्षक , पंच बंशी पटेल , फगुलाल पटेल , गौरीशंकर पण्डा , गीता पण्डा ,रविलाल पटेल , नेपाल निषाद , राजकुमारी निषाद , गोपीराणा , सुरित विश्वकर्मा , अमृतलाल बंजारा , हरिलाल यादव , अनुका बंजारा , नरेंद्र सिदार , शाला परिवार सहित समस्त पंडरीपानी के ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राजस्व शिविर में राजस्व संबंधी प्राप्त आवेदनों का किया जा रहा निराकरण

**जशपुरनगर**

ग्राम ठूठीअम्बा तथा ग्राम बिरोपानी में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें बी-1 वाचन, फौती-नामांतरण, आय, जाति, निवास प्रतिवेदन, ऋण पुस्तिका, बी-1खसरा-नक्शा वितरण, नक्शा दुरुस्ती, अभिलेख अद्यतनीकरण के आवेदन प्राप्त हुए मामलों का गुणवत्ता पूर्वक निराकरण किया जा रहा है। राजस्व विभाग के अधिकारी द्वारा शिविर स्थल पहुंचकर आवश्यक दिशा निर्देश देकर समस्याओं का निराकरण करने कहा गया है। साथ ही प्रेषित किए जाने वाले प्रतिवेदन के आधार पर एसडीएम कार्यालय से उनका निराकरण किया जा रहा है। सभी आवेदन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग हो रहा है। इस दौरान महतारी वंदन योजना एवं अग्निवीर योजना के विषय में जानकारी देकर लाभ देकर प्रोत्साहित किया गया।



# राजस्व शिविर में बी वन पाठन सहित राजस्व प्रकरणों का होगा निराकरण

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार सभी अनुभागों में राजस्व शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें समस्त हल्का पटवारियों द्वारा अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा के मामलों की ऑनलाईन भुईया में दर्ज करना, नवीन ऋण पुस्तिका बना कर प्रदाय करना, भू-अभिलेखो की नकल प्रदाय करना, नक्शा बटांकन व सीमांकन के लिए आवेदन प्राप्त कर निराकरण करना, जाति प्रमाण के लिए वंशावली तैयार कर प्रदाय करना एवं राजस्व से संबंधित अन्य कार्य संपादित किया जा रहा है। जहां ग्रामीण राजस्व



प्रकरणों के संबंध में आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। महासमुंद अनुविभाग अंतर्गत 7 फरवरी को ग्राम गोपालपुर खट्टीडीह, लाफिनकला, चोरभट्टी, चितमखार, सिंघी, लोहारडीह, नयापारा, परसाडीह, तेन्दुवाही, पिरदा, अमावश, मुस्की, शेर, साल्हेभाठा, उमरदा, कनेकेरा, परसदा, रामपुर, गोंगल, सरेकेल, नवापारा, बरभांठा, लखनपुर, गोड़पाली, कुल्हरिया, जलकी, बंदोरा, अमोरी, धनगांव, तेन्दुवाही, जोगीडीपा, ठूमसां, चिरको, पचपेढ़ी, चौकबेड़ा, खम्हारमुड़ा, बोरिद, खमतराई, जोबा, कांपा, लखनपुर एवं पीढ़ी में शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह बागबाहरा अनुभाग अंतर्गत ग्राम डोंगरगांव, पतेरापाली (स), कुसमी, साल्हेभांठा, सिवनीकला, राटापाली, बिन्द्रावन, परसुली, बोकरामुड़ा कला, खैरटकला, मामाभांचा, लमकेनी, तुसदा, एवं जुनवानी कला में शिविर लगाया जाएगा।

# नर्सिंग होम बसना में आज में नि :शुल्क नेत्र शिविर

**बसना**

बसना नगर के सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल अग्रवाल नर्सिंग होम में स्व. श्रीमती बनारसी देवी अग्रवाल के पुण्यतिथि में निःशुल्क नेत्र रोग एवं जांच परामर्श शिविर का आयोजन आगामी 7 फरवरी 2024 बुधवार किया जावेगा। शिविर अपरान्त 11 बजे से शाम 04 तक अग्रवाल नर्सिंग होम बसना एवं अरविंदो नेत्रालय रायपुर के सहयोग से किया जावेगा। अग्रवाल नर्सिंग होम के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की



लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और समय-समय पर इनकी जांच करवाते रहना चाहिए। दिन प्रतिदिन नेत्रों से संबंधित कई बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन लोग अपने कामकाज में इस प्रकार डुबे हुए हैं कि इसकी ओर कोई विशेष ध्यान नहीं देते है। क्षेत्र में इस प्रकार के निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन अग्रवाल नर्सिंग होम द्वारा लगातार जारी रहेगा। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम अत्याधुनिक मशीन से आंखों में से पानी आना, सर या आंखों में दर्द, आंखों में लालपन, जलन, खुजली होना, धुंधला या कम दिखाई देना, आंखों में सफेदी, आंखों में मांस बढ़ाना नखूना, मोतियाबिंद, चश्में नम्बर की जांच, आंखों का परदा रेटीना, आरओपी स्क्रीनिंग सहित आंखों से जो भी समस्याएं है ऐसे सभी मरीजो का निःशुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया जावेगा। बसना नगर, फुलझर अंचल सहित ओड़िसा के लोग शिविर में आकर लाभ प्राप्त कर सकते है अधिक जानकारी के मोबाइल नंबर 77708-68473, 91094-68473, 84618-11000 में संपर्क कर सकते है।

# निगम ने सड़कों पर रखे 8 चारपहिया वाहन जप्त किये, पुलिस की ली मदद

### शहर के रास्तों में कंडम खड़े 29 वाहनों के खिलाफपुलिस में शिकायत 0

**रायपुर -**

रायपुर नगर निगम द्वारा पुलिस की मदद से आज शहर की सड़कों पर यातायात को बाधित कर रहे वाहनों पर कार्यवाही की गई। शहर के अलग - अलग क्षेत्रों से आज कार, और ऑटो जैसे 8 वाहन जप्त किये गए। वहीं अन्य गाड़ियों के खिलाफ भी पुलिस में शिकायत की गई।

निगम के नगर निवेशक निशिकांत वर्मा ने बताया कि कलेक्टर गौरव कुमार सिंह तथा निगमायुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम की जोनों तथा सेंट्रल टीम द्वारा शहर सड़कों पर यातायात को बाधित करने वाले कंडम खड़े चार पहिया और तीन पहिया वाहनों को पहचान कर उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। जोन क्रमांक 7 द्वारा आमानाका ओवरब्रिज के पास 2 वाहन जप्त किये गए। वहीं जोन क्रमांक 6 द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर संतोषी नगर और मठपुरैना के पास से 6 वाहनों को जप्त किया गया। वहीं जोन क्रमांक 1 द्वारा 9 जोन क्रमांक 4 द्वारा 4 और सेंट्रल टीम द्वारा 16 वाहनों की पहचान कर उनके खिलाफ सम्बंधित थानों में शिकायत की गई। उन वाहनों को भी एक दो दिनों में पुलिस की मदद से जप्त कर लिया जाएगा।



# निगम द्वारा 1 बड़े बकायेदार की संस्था को सीलबंद किया गया, 1742913 रू. का भुगतान तत्काल प्राप्त

### 0 जोन 8 क्षेत्र में 3 बडे बकायेदारो ने कार्यवाही प्रारंभ होते ही 981992 रू. का सम्पूर्ण बकाया अदा कर दिया 0

**रायपुर** - नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम के सभी जोन कमिश्नरों , राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों को नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डो में सभी बडे बकायेदारों से नियमानुकुल कडाई के साथ बकाया राजस्व वसूली अभियानपूर्वक नगर पालिक निगम रायपुर के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतरता से सुनिश्चित करने एवं बड़े बकायेदारों के संस्थानों में बकाया न देने की स्थिति में संबंधित बकायादारों पर सीलबंदीध् कुर्की की कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनों के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों , राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली हेतु प्रतिदिन निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। आज इस क्रम में नगर पालिक निगम राजस्व विभाग की टीमो ने बकाया निगम को अदा न करने पर संबंधित 1 संस्था को सीलबंदी की कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान निगम राजस्व विभाग को 1742913 रू. का भुगतान स्थल पर तत्काल प्राप्त हुआ।

आज जोन 1 राजस्व विभाग की टीम ने वार्ड 15 के क्षेत्र में वर्ष 2016-17 से 110000 रू. के बकायेदार पर कार्यवाही प्रारंभ की । इस दौरान संबंधित बकायेदार ने तत्काल निगम की टीम को सम्पूर्ण बकाया राषि अदा कर दी एवं स्वयं को कार्यवाही से सुरक्षित रखा । जोन 2 राजस्व विभाग की टीम ने वर्ष 2019-



20 से 300921 रू. के बकायेदार मेडिकल काम्पलेक्स में दुकान क्रमांक 25, 26 के बकायेदारो पर कार्यवाही प्रारंभ की । इसमें एक बकायेदार द्वारा तत्काल 300921 रू. की बकाया राषि का भुगतान कर दिया गया । जोन 3 राजस्व विभाग की टीम ने वार्ड 10 एवं 48 के क्षेत्र में 6 बकायेदारो से बकाया वसूलने कार्यवाही की। जिसमें 3 बकायेदारो ने स्थल पर ही निगम को 350000 रू. की बकाया राषि अदा कर दी । शेड 3 अन्य बकायेदारो को नियमानुसार स्थल पर तत्काल नोटिस निगम द्वारा जारी किया गया । जोन 7 के वार्ड 37 के क्षेत्र में 590418 रू. के बड़े बकायेदार तारांचद सरावगी, मदन लाल सरावगी द्वारा नगर निगम को बकाया राषि अदा न करने पर स्थल पर सीलबंदी की कार्यवाही जोन 7 राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई। जोन 8 के वार्ड क्रमांक 2 एवं 69 के क्षेत्र में वर्ष 2015-16 एवं 2017-18 से बकाया 981992 रू. की बकाया वसूली हेतु 3 बड़े बकायेदारो पर कार्यवाही की गई। संबंधित तीनो बड़े बकायेदारो ने कार्यवाही प्रारंभ होते ही जोन 8 राजस्व विभाग की टीम को सम्पूर्ण बकाया राषि 981992 रू. की अदायगी कर दी एवं स्वयं को कार्यवाही से सुरक्षित रखा ।

आज नगर निगम द्वारा 2333331 रू. के बकाया डिमांड बिल नोटिस के विरूद्ध अभियान चलाकर 1 बडे बकायेदार के संबंधित संस्थान में सीलबंदी की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान नगर निगम राजस्व विभाग की टीम को 1742913 रू. का तत्काल भुगतान कर दिया गया । अभियान आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी 10 जोनो की राजस्व विभाग टीमो द्वारा निरंतर जारी रहेगा। सभी बकायादारो से नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा एक बार पुनः अपील की गई है कि नगर निगम राजस्व विभाग की टीम को तत्काल बकाया राजस्व की सम्पूर्ण राशि अदा कर दें एवं कार्यवाही की असुविधा से सुरक्षित रहें । अन्यथा की स्थिति में अभियानपूर्वक नियमानुसार सीलबंदी, कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

### आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने गारमेंट फैक्ट्री के कार्य को फरवरी के अन्तिम सप्ताह तक पूर्ण करवाने के दिये निर्देश, रोजगार मूलक योजना में 1000 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण से रोजगारयुक्त बनाने शीघ्र क्रियान्वयन की तैयारी 0

रायपुर - आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों सहित राजधानी शहर के मोवा में निर्माणाधीन गारमेंट फैक्ट्री के कार्य की प्रगति का अवलोकन किया. आयुक्त ने अधिकारियों को गारमेंट फैक्ट्री के विकास एवं निर्माण के कार्यों में शेष बचे कार्यों को वर्तमान फरवरी माह के अन्तिम सप्ताह तक सतत मॉनिटरिंग करते हुए उच्च स्तरीय गुणवत्ता बनाये रखकर प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं. छत्तीसगढ़ शासन की रोजगार मूलक योजना में गारमेंट फैक्ट्री में 1000 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार युक्त और आत्मनिर्भर बनाने की समाज हितकारी कार्ययोजना का शीघ्र क्रियान्वयन की तैयारी करवाने के निर्देश दिये गये हैं. आयुक्त ने दलदल सिवनी में इंदिरा स्मृति वन के स्थल का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को राज्य शासन की लोक हितकारी मंशा के अनुरूप योजना प्रस्तावित करने के निर्देश दिये. आयुक्त ने सफाई हेतु अनुबंधित रामकी कंपनी के दलदल सिवनी स्थित डिपो का निरीक्षण कर कंपनी की व्यवस्था का अवलोकन किया. आयुक्त ने सड्डू में विज्ञान केन्द्र परिसर का निरीक्षण किया एवं दलदल सिवनी में प्रस्तावित इंडस्ट्रीयल पार्क के स्थल का अवलोकन किया. आयुक्त के निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियन्ता श्री राजेश शर्मा, जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियन्ता सर्व श्री के. के. शर्मा, राजेश राठौर, संजय वर्मा, सहायक अभियन्ता श्री अंशुल शर्मा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण साथ थे।

संपादकीय

## मोदी, योगी ने कैसे विपक्ष पर निशाना साधा

संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने और उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के खिलाफ जोरदार बैटिंग की, जमकर चौके-छक्के लगाए। मोदी ने कांग्रेस को विचारों से कंगाल, थकी-हारी, खत्म होने के कगार पर पहुंची पार्टी बताया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस अगले चुनाव में चालीस सीटें बचा ले, उसके लिए यही बड़ी कामयाबी होगी। धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में बहस का जवाब देते हुए मोदी के निशाने पर खासतौर पर कांग्रेस रही। मोदी ने इल्जाम लगाया कि कांग्रेस दलित-पिछड़ों और आदिवासियों की जन्मजात विरोधी है, कांग्रेस झूठे नैरेटिव गढ़ती है, देश को तोड़ने वाली बातें करती हैं, कांग्रेस इक्कीसवीं सदी में बीसवीं सदी की मानसिकता से राजनीति करती है। मोदी ने कांग्रेस की दस साल की सरकार के वक्त हुए कामों को बताया, फिर अपनी सरकार के दस साल के कामकाज से उसकी तुलना की। इसके बाद कहा कि उनके तीसरे टर्म में भी विकास का सिलसिला रुकेगा नहीं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर दुख जताया कि कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल उनकी सरकार पर राज्यों का हक मारने की आरोप लगा रहे हैं। मोदी ने कहा कि ये देश को तोड़ने का नया नैरेटिव सेट करने की कोशिश हो रही है, ये खेल घातक होगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस अंग्रेजों वाली मानसिकता से मुक्त नहीं हो पाई है, अभी भी उसी दौर में फंसी है, विचारशून्य हो गई है, जिस पार्टी का एक ज़माने में पूरे देश पर राज था, आज उसके सहयोगी उसे चालीस सीटें जीतने की चुनौती दो रहे हैं। मोदी ने कहा कि पहले कांग्रेस ने देश को जाति धर्म और भाषा के आधार पर तोड़ा अब कांग्रेस के नेता देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने के बयान दे रही है। मोदी ने कहा कि ऐसी कांग्रेस अगले चुनाव में 40 सीट भी बचा ले तो बहुत होगा।



## पानी है तो सब कुछ है।

पानी की एक-एक बूंद बचाएं।
जीवन में है पानी की
बड़ी सार्थकता ।
जल एक परम आवश्यकता ।
व्यक्तित्व में पानी होना चाहिए,
पर पानी पानी नहीं होना चाहिए,
पानी है तो सब कुछ है आब,
नहीं तो समझो सब कुछ ख्वाब।
पुरुष के चेहरे का रुआब पानी है,
नारी के चेहरे की लज्जा पानी ही है,
शरीर मे भी तो मिट्टी
और अधिकांश पानी है,
नौनिहालों के लिए,
मां के
स्तन से निकला अमृत
भी पानी है।
पानी के महत्व को
सुना गए ज्ञानी, ध्यानी,
सुबह शाम और संध्या
की जरूरत सिर्फ पानी,
नदिया, झरने, पोखर बचाओ
यह यज्ञ है मित्रों
साथ साथ आओ,
यदि धरा पर पानी ना होगा,
जीवन इतना पानीदार,
इतना जीवंत कहां होगा,
जमीन जंगल वृक्ष लताएं,
पानी की निर्झरिणी से
बहती गंगा की धाराएं।
नदियों की बहती
धाराओं से नन्ही मछलियां
पाती हैं अपना जीवन,
पानी से ही
पुष्प, लताओं, कलियों
में है मधुर स्पंदन,
पूरी धरा ही पानी पानी है,
संपूर्ण जीवन की अंतर्निहित
कथा ही पानी है।
जल है तो कल है,
इसी से
वृक्षों पर मीठे फल है,
कल है तो हम हैं,
आओ अपना कल बचाएं,
पानी की एक-एक बूंद बचाएं।

- संजीव ठाकुर,



# छोटे चौधरी का बड़ा खेला, इंडी गठबंधन की डूबती नाव से कूदने के लिए लगा है रेला

नीरज कुमार दुबे ।



**विपक्षी गठबंधन की हालत से देश के सामने एक बात और स्पष्ट हो गयी है कि बेमेल विचारधारा वाला यह गठबंधन सिर्फ सत्ता स्वार्थ के लिए बना था। जहां तक राष्ट्रीय लोक दल की बात है तो उसके बारे में बताया जा रहा है कि उसका भाजपा के साथ आना तय हो चुका है।**

विपक्ष के इंडी गठबंधन की नाव डूबती देख इस पर सवार राजनीतिक दलों में कूद कर अपनी जान बचाने की होड़ देखने को मिल रही है। इंडी गठबंधन की नाव को जिन नीतीश कुमार ने तैयार किया था वही सबसे पहले यहां से दूसरी तरफ कूद गये जिससे नाव का संतुलन गड़बड़ा गया। मौका देख ममता बनर्जी ने भी इस नाव से दूरी बना ली और अब राष्ट्रीय लोक दल भी इससे कूदने के लिए पूरी तरह तैयार है। आम आदमी पार्टी भी इंडी गठबंधन की नाव से कूदने के लिए अपना सामान समेट रही है। इस गठबंधन में अब जो दल बचे हैं वह या तो आपस में ही लड़ रहे हैं या उन दलों के भीतर ही भितरघात देखने को मिल रही है जिसके चलते किसी का चुनाव चिह्न खतरे में पड़ गया है तो किसी की पार्टी का मालिकाना हक किसी और के पास चला गया है। विपक्ष की यह स्थिति देख अब प्रधानमंत्री मोदी के संसद में दिये गये संबोधन की वह बात किसी को अतिश्योक्ति नहीं लग रही कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले दम पर 370 सीटें जीतेगी और एनडीए 400 के पार जायेगा।

विपक्षी गठबंधन की हालत से देश के सामने एक बात और स्पष्ट हो गयी है कि बेमेल विचारधारा वाला यह गठबंधन सिर्फ सत्ता स्वार्थ के लिए बना था। जहां तक राष्ट्रीय लोक दल की बात है तो उसके बारे में बताया जा रहा है कि उसका भाजपा के साथ आना तय हो चुका है। एकाध दिनों में इसकी घोषणा हो सकती है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि राष्ट्रीय लोक दल का भाजपा में विलय भी संभव है लेकिन अगर विलय नहीं हुआ तो गठबंधन होना पक्का है। हम आपको याद दिला दें कि भाजपा ने राष्ट्रीय लोक दल के साथ गठबंधन का प्रयास उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में भी किया था लेकिन तब जयंत चौधरी ने साथ आने से मना कर दिया था। राष्ट्रीय लोक दल 2014 से सभी चुनाव विपक्षी दलों के साथ मिलकर लड़ा है लेकिन इसका उसे कोई ज्यादा लाभ नहीं हुआ। हालांकि 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में जरूर समाजवादी पार्टी से गठबंधन का रालोद को फायदा हुआ था साथ ही सपा कोटे से जयंत चौधरी को राज्यसभा की सदस्यता भी मिल गयी थी।

लेकिन अब छोटे चौधरी के नाम से मशहूर जयंत चौधरी के पाला बदलने की अटकलों से विपक्षी खेमा बेचैन दिख रहा है। क्योंकि बात यह नहीं है कि छोटा दल गठबंधन से बाहर जा रहा है या बड़ा दल, बात यह है कि लंबे समय से गठबंधन में साथ रहा दल अब दूसरे के साथ जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि हाल ही में अखिलेश यादव ने जयंत चौधरी के साथ एक फोटो ट्वीट करते हुए ऐलान किया था कि रालोद के लिए गठबंधन में सात लोकसभा सीटें दी गयी हैं। लेकिन यह सात सीटें कौन-सी होंगी इसका ऐलान नहीं किया गया था। इस बात से जयंत चौधरी नाराज बताये जा रहे थे। जयंत चौधरी ने राजस्थान विधानसभा चुनावों के दौरान भी कांग्रेस से कुछ सीटें अपने लिये मांगी थीं लेकिन कांग्रेस की ओर से स्पष्ट इंकार कर दिये जाने के चलते उन्हें निराशा हाथ लगी थी। इसलिए जब भाजपा की ओर से इस बार गठबंधन का प्रस्ताव आया तो उसे जयंत चौधरी मना नहीं कर सके। बताया जा रहा है कि भाजपा के साथ जाने पर जयंत चौधरी को मथुरा, कैराना, अमरोहा और बागपत सीटें मिल सकती हैं। अभी इनमें से अमरोहा को छोड़कर बाकी तीनों सीटें भाजपा के पास हैं। बताया जा रहा है कि जयंत चौधरी भाजपा के प्रस्ताव को स्वीकार करने का मन बना चुके हैं क्योंकि उन्हें अपनी पार्टी के क्षेत्रीय दल के दर्जे को बचाना है। यदि उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार इन लोकसभा चुनावों में मत हासिल नहीं किये तो संभव है कि उनका चुनाव चिह्न नल भी छिन जाये। जयंत चौधरी यह बात समझ रहे हैं कि भले समाजवादी पार्टी उन्हें लड़ने के लिए ज्यादा सीटें दे दे लेकिन सीटें जीतने की ज्यादा संभावना भाजपा के साथ मिलकर लड़ने में ही है।

दूसरी ओर भाजपा भी यह समझ रही है कि किसान आंदोलन के दौरान से नाराज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट मतदाताओं को पूरी तरह तभी साधा जा सकता है जब राष्ट्रीय लोकदल साथ आ जाये। हम आपको याद दिला दें कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा चुनावी नुकसान पश्चिमी क्षेत्र में ही हुआ था। 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान भी भाजपा का प्रदर्शन इस क्षेत्र में अपेक्षा के अनुरूप नहीं था इसलिए भाजपा 2024 में कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहती। भाजपा का प्रयास है कि इस बार उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल की जाये और इसके लिए तमाम प्रयास किये भी जा रहे हैं। ऐसी भी चर्चा सामने आई कि जयंत चौधरी ने पांच से सात लोकसभा सीटों की मांग रखी थी लेकिन भाजपा की ओर से चार सीटों का ही वादा किया गया है। भाजपा को पता है कि यदि जयंत को ज्यादा सीटें दी गयीं तो उत्तर प्रदेश की अन्य सहयोगी पार्टियां अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी भी ज्यादा सीटें मांगेंगी। बताया जा रहा है कि गठबंधन के बाद राष्ट्रीय लोकदल को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में जगह दी जा सकती है और लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र में भी एक पद मिल सकता है।

इस तरह की भी चर्चा है कि जयंत चौधरी की पार्टी 12 फरवरी से पहले भाजपा के साथ आ सकती है और जब 12 फरवरी को भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मुजफ्फरनगर पहुँचेंगे तो जयंत चौधरी भी साथ होंगे। हम आपको बता दें कि नड्डा लोकसभा चुनाव से पहले मुजफ्फरनगर से पार्टी के एक महीने के ग्रामीण संपर्क कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। ग्रामीण संपर्क कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता मोदी सरकार के जन-कल्याणकारी कदमों को रेखांकित करने के अलावा चुनाव घोषणापत्र के लिए किसानों और मजदूरों सहित ग्रामीण आबादी से सुझाव मांगेंगे। पार्टी के सदस्य लोगों से संवाद के दौरान गांवों में गायों और कृषि उपकरणों की पूजा भी करेंगे। देखा जाये तो नड्डा ने इस कार्यक्रम की शुरुआत के लिए मुजफ्फरनगर का चयन कर बड़ा राजनीतिक संदेश भी दिया है क्योंकि यह क्षेत्र मोदी सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध का केंद्र था। हालांकि बाद में केंद्र ने उन कानूनों को वापस ले लिया था लेकिन आंदोलन में भाग लेने वाले किसानों की नाराजगी अब तक दूर नहीं हुई है।

बहरहाल, जहां तक इंडी गठबंधन की बात है तो बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसके कुछ और घटक या उन घटकों के बड़े नेता सत्तारुढ़ एनडीए का दामन थाम सकते हैं क्योंकि देश के राजनीतिक मिजाज से सभी वाकिफ हैं। सभी इस बात को समझ रहे हैं कि देश की ताजा राजनीतिक स्थिति यही है कि दस साल के शासन के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता कम होने की बजाय देश-विदेश में और बढ़ी ही है।

**-नीरज कुमार दुबे**
**यह निजी विचार है।**

# महंगाई तथा मूल्यों की वृद्धि वैश्विक रिकार्ड।

**बेकाबू होती कीमते।**



भारत में महंगाई का स्तर अभूतपूर्व तरीके से अचानक उच्चतम सीमा से ऊपर हो गया है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हिंदुस्तान में ही महंगाई का परचम भयानक तौर पर लहरा रहा है। पेट्रोल ,डीजल, गैस के दाम तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड आयल के दाम बढ़ने से बढ़ते हैं, फिर अलग अलग राज्य सरकारें उस पर कर लगाकर दाम बढ़ाने का काम करती है पर मूल रूप से वैश्विक स्तर पर महंगाई करोना के भयानक संक्रमण और रूस यूक्रेन युद्ध की भयानक विभीषिका की परिणति ही है। रूस के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने तो महंगाई में आग ही लगा के रख दी है। रूस अब किसी भी कीमत पर यूरोपीय देशों तथा अन्य पश्चिमी देशों को पेट्रोल डीजल गैस देने की मनः स्थिति में नहीं है, उस पर रूस पर यूरोपीय तथा नेटो देशों का प्रतिबंध भी महंगाई का बड़ा कारण है। रूस का अमानवीय तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण और लगभग एक करोड़ यूक्रेन के नागरिक अन्य देशों में शरणार्थी बनकर रहने के कारण ही यूरोप में महंगाई बहुत बढ़ गई है। भारत के परिपेक्ष में महंगाई अब चरम सीमा पर है आम आदमी का जीना मुश्किल दर मुश्किल होता जा रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा श्रीलंका में तो महंगाई ने सरकार का तख्ता ही पलट दिया है।

पाकिस्तान में भी सत्ता परिवर्तन का कारण महंगाई तथा बेरोजगारी ही रही है। रूस यूक्रेन युद्ध के इतने महीने बाद भी अमानवीय क्रूर विभीषिका थमने का नाम नहीं ले रही है। यूक्रेन के करोड़ों लोग बेघरबार हो गए हैं।

यूक्रेन की अरबों रुपए की संपत्ति युद्ध की भेंट चढ़ चुकी है, यूक्रेन में नागरिकों का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियों गुतारेस की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से शांति बहाल हेतु शांति वार्ता मानवता के लिए सर्वाधिक सकारात्मक एवं अहम पहल है।

अब रूस, यूक्रेन युद्ध भयानक तथा क्रूरतम रूप ले चुका है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह अपनी सनक में आकर यूक्रेन को बर्बादी के अंतिम छोर पर पहुंचाना चाह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ अड़ियल रवैया रूस ही दिखा रहा है बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी भी

ना जाने किस घमंड और गुमान पर अड़े हुए हैं, उन्हें अपने देश के एक करोड़ से ज्यादा विस्थापित नागरिक दिखाई नहीं दे रहे हैं एवं हजारों निर्दोष नागरिकों के साथ सैनिकों की मृत्यु तथा शव भी उन्हें युद्ध रोकने के लिए बाध्य नहीं कर पा रहें है। वैसे यह तो तय है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन की आड़ में अमेरिका तथा नाटो देशों के सदस्यों को यह बताना चाह रहे हैं कि रूस अभी भी उतना ही शक्तिशाली है जितना वह उस 1990 में विघटन के पूर्व था। रूस यूक्रेन युद्ध के कई दिन पूरे हो चुके हैं और यूक्रेन के हौसले अभी भी बुलंद दिखाई दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसियों के अनुसार कीव ,मारियोपोल, बूचा, लोहानस्क,डोनेट्स आदि शहर नर संहार के भयानक केंद्र बन चुके हैं। न्यूज़ एजेंसी के अनुसार यूक्रेन के मूल हथियार जो उसके पास पूर्व में थे सारे नष्ट हो चुके हैं, तमाम हवाई अड्डे नेस्तनाबूद कर दिए गए हैं, अब स्थिति यह है कि फ्रांस, इजराइल, कनाडा,न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड से आए हुए जहाज, टैंक और मशीन गनों के सहारे ही यूक्रेन में वर्तमान का युद्ध लडा जा रहा है। यूक्रेन के लगभग 50 से 55 हजार सैनिक और नागरिक मारे जाने की एजेंसियों द्वारा पुष्टि की गई है। और कीव ,बूचा, मारियोपोल मैं रूसी सैनिकों के साथ उनके कई सेना के अधिकारियों की मौत की भी पुष्टि की गई है। यूक्रेन के सरकारी प्रवक्ता ने बताया रूस के लगभग 20 हजार सैनिक इस युद्ध में हलाक हुए हैं। और उनके लड़ाकू जेट ,पैटर्न टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां तथा ड्रोन भारी मात्रा में नष्ट कर दिए गए हैं। रूस युद्ध में अरबों रुपए का नुकसान प्रतिदिन झेल रहा है। यूक्रेन को तो नाटो तथा अमेरिका लगातार आर्थिक तथा सामरिक मदद कर रहा है, जिसके फलस्वरूप यूक्रेन की स्थिति अभी तक मजबूत बनी हुई है।

इस युद्ध में मानवीय संवेदनाओं, मानवता ने यूक्रेन तथा रूस दामन लगभग त्याग दिया है। दोनों देशों के निष्ठुर कमांडरों ने मानवता को मूल नष्ट करने का मानों ठेका ही ले लिया है। यूक्रेन से लगभग एक करोड़ से ज्यादा यूक्रेन के निवासियों ने पोलैंड और यूरोपीय देशों में मजबूर शरणार्थियों की तरह पनाह ले ली है। इस युद्ध में रूस के राष्ट्रपति पुतिन उनके विदेश मंत्री लावरोव तथा रक्षा मंत्री सहित अन्य कमांडर अब मानसिक दबाव में आकर मानसिक असंतुलन की स्थिति में आ गए हैं। पुतिन के मानसिक असंतुलन की स्थिति का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि उसने चेचन्या के सबसे खतरनाक कमांडर रमजान को आक्रमण का जिम्मा दिया है इस कमांडर रमजान के बारे में बताया जाता है कि यह पुतिन का सबसे विश्वास पात्र एवं अत्यंत क्रूर सैन्य अधिकारी है जो केवल विरोधी सैनिकों की मृत्यु बनकर उन पर टूट पड़ता है। ऐसे में यूक्रेन एक बड़े नरसंहार केंद्र के रूप में तब्दील हो सकता है और इसकी परिणति वैश्विक अशांति की ओर अग्रसर हो कर विश्व युद्ध की संभावनाओं को और बढ़ा देगी ।

अब धीरे-धीरे पुतिन की योजनाओं से लगने लगा कि उनकी मानसिक स्थिति हिटलर की तरह पूरे विश्व को विश्व युद्ध की आग में झोंकने की हो गई है। उल्लेखनीय है कि इस रूस यूक्रेन युद्ध में रूस के साथ लगभग 24 देश ही है और बाकी सारे देश रूस का लगातार विरोध कर रहे हैं केवल भारती ही ऐसा देश है जो निरपेक्ष बना हुआ है रूस का मौन समर्थन करने के कारण यूरोपीय देश की नाराजगी झेलने को मजबूर हैं। विश्व युद्ध में भारत की स्थिति बड़ी असमंजस वाली बन सकती है, यदि भारत रूस का साथ देता है तो उसे अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो देशों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। कुल मिलाकर रूस यूक्रेन युद्ध ने मानवीय संवेदनाओं, मानवता को को जिस तरह समूल नष्ट किया है, वह वैश्विक इतिहास वर्तमान संदर्भ में क्रूरतम माना जाएगा।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, लेखक**
**यह निजी विचार है।**

## हरदा हादसा

**कीर्ति राणा**

मध्यप्रदेश के हरदा में अवैध तरीके से चल रही पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से हुई तबाही में यह प्रश्न गौण हो गया है कि कितने लोग असमय मौत का शिकार हुए? हरदा ही नहीं, देश के लोगों को यह पूछने का हक है कि सालों से यह फैक्ट्री वो भी बीच रहवासी क्षेत्र में चल कैसे रही थी? जांच समिति बना ही दी है, जब किसी मामले में सरकार ऐसी समिति गठन में तत्परता दिखाए तो आमजन याद करने लगता है कि जनहानि वाले मामलों को लेकर पहले जो जांच समितियां गठित की गईं, उनकी फाइलों ने फैसले उगले भी या नहीं! गुना बस हादसे में कलेक्टर, एसपी पर गाज गिरी थी। आज मुख्यमंत्री हरदा जा ही रहे हैं... ऐसा ही कुछ निर्णय लेकर अपनी सरकार पर लगे दाग धोने की तत्परता दिखा सकते हैं!हरदा की आग में जिन निर्दोषों की बलि चढ़ गई, उनके परिवारों को न तो फैक्ट्री मालिक राजेश अग्रवाल और दिनेश की गिरफ्तारी से संतोष मिलेगा और न ही मुआवजे की राशि उनके आंसू पोंछ पाएगी। इसी फैक्ट्री में पहले भी हुए विस्फोट में दो लोगों की जान जा चुकी है।वहां के कलेक्टर के आदेश का तत्कालीन (अब इंदौर) संभागायुक्त माल सिंह भायडिया द्वारा भी शत-प्रतिशत पालन के निर्देश दिए गए होते तो फैक्ट्री बंद रहती, ऐसा नहीं हुआ तो दोषी प्रशासनिक अधिकारी भी हैं, क्योंकि राजनीतिक संरक्षण बिना इतनी ढील देना संभव ही नहीं!मप्र में पटाखों, बारुद से विस्फोट की यह पहली घटना नहीं है। मुरैना, राऊ में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में हुई मौतें, पेटलावद में 7 दर्जन से अधिक निर्दोषों के चीथड़ों की पोटलियों वाले लोमहर्षक दृश्य और जांच समिति की घोषणा लोग भूले नहीं हैं। इससे पहले बालाघाट में 29 और दमोह 7 लोगों की मौत भी ऐसे ही विस्फोट में हो चुकी है।इन सारे विस्फोट के बाद अब यदि लोगों को यह लगने लगे कि 18 वर्ष के बाद बस सीएम बदले हैं... लापरवाही का ढर्रा वैसा ही चल रहा है तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए! अब जो होगा, वह भी लोगों को पता है... गुना बस हादसे के बाद जिस तरह बसों की चैकिंग का अभियान चला था, वैसे ही इंदौर, भोपाल, दमोह, बालाघाट, हरदा आदि शहरों में पटाखा निर्माताओं, दुकानदारों के खिलाफ सख्ती पखवाड़ा' चलाकर लापरवाही की आग पर फोम डाल दिया जाएगा।कलेक्टर, एसपी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई तो होनी ही चाहिए, लेकिन दंडित किए जाने से पहले इन अधिकारियों से बंद कमरे में ही सही... सरकार पुचकार के यह भी तो पूछ ले कि हरदा के पूर्व विधायक कमल पटेल हों या बैतूल के सांसद दुर्गादास उईके... इन जनप्रतिनिधियों या इनके पट्ठों ने वर्षों से संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री के सरगनाओं को संरक्षण क्यों दे रखा था?ढाई एकड़ में फैली फैक्ट्री के अलावा आसपास के पचास घरों में कुटीर उद्योग के रूप में हो रहे पटाखों के निर्माण से जिला प्रशासन क्यों मुंह फेरे रहा? पटाखा फैक्ट्री मालिकों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की सख्ती तो सरकार दिखाएगी ही, लेकिन इन्हें संरक्षण पूर्व मुख्यमंत्री के प्रिय जनप्रतिनिधियों के साथ ही इस सरकार में ठसक दिखाने वाले हरदा-बैतूल के जनप्रतिनिधियों से भी मिलता रहा है।सख्त फैसले लेकर खुद को पिछली सरकार से बेहतर दिखाने की कोशिश में लगे डॉ. मोहन यादव को पटाखा फैक्ट्री के संचालकों को संरक्षण देने वाले नेताओं-अधिकारियों के घरों पर भी बुलडोजर चलाने का साहस दिखाना चाहिए।हरदा पटाखा फैक्ट्री को 2022 में कलेक्टर ऋषि गर्ग ने सील करने के आदेश जारी किए थे। सरकार को तत्कालीन संभागायुक्त मालसिंह भायडिया से भी पूछना चाहिए कि ऐसी क्या मजबूरी रही कि इस आदेश के विरुद्ध स्टे क्यों दिया?

## खास - खबर

### मृतक के परिजनों को मिली 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रेंगाकठेरा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी रजत बिजौरा की विगत 2 मई 2023 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम रसमड़ा, थाना पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग निवासी रामखिलावन सिन्हा की विगत 30 मई 2023 को मिर्गी आने से खदान के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी दानेश्वर गोस्वामी की विगत 17 मार्च 2022 को तालाब में डूबने से एवं सुन्दर नगर उरला तहसील व जिला दुर्ग निवासी रामबाई यादव की विगत 21 मई 2023 को आकाशीय बिजली के संपर्क में आने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. रजत बिजौरा की पत्नि रोशनी वर्मा को, स्व. रामखिलावन सिन्हा की माता दुलारी बाई सिन्हा को, स्व. दानेश्वर गोस्वामी के पिता द्वारिकापुरी गोस्वामी को एवं स्व. रामबाई यादव के पुत्र गोपाल यादव को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टर कक्ष में जल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत जिले में जल जीवन मिशन की समीक्षा की। उन्हांने कहा कि शासन की मंशानुरूप हर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय किया जाना है। इसके तहत् सभी ग्राम पंचायतों में योजना अंतर्गत कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। कलेक्टर चौधरी ने मिशन के अंतर्गत अधिकारी-कर्मचारियों से उनके द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा अब तक हुए कार्यों पर असंतोष व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड भ्रमण कर कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को अंतिम नोटिस देने की कार्यवाही कर, ठेके को निरस्त कर, नई निविदा आमंत्रित करने कहा। कलेक्टर ने मिशन से जुड़े सभी उपयंत्री को अब तक हुए कार्यों का ग्रामवार अद्यतन भौतिक स्थिति का अवलोकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधूरे पानी टंकी निर्माण कार्य प्रारंभ कराये। पुराने एडजस्टिंग पाईप लाईन जो नल-जल योजना के तहत लगी है इसकी जांच करा लेवें, खराब होने पर प्रतिस्थापित करें। उन्होंने कहा कि शिवनाथ नदी में इंटकवेल निर्माण कार्य रूकना नहीं चाहिए। कार्य में प्रगति लाने वर्क चार्ट बनायी जाए। साथ ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पाईप लाईन विस्तार का कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीकी स्थान का ध्यान रखते हुए काम निरंतर चलते रहना चाहिए। कलेक्टर ने ईई पीएचई को जल जीवन मिशन अंतर्गत पैनलबध क्रियान्वयन सहायता एजेंसी की बैठक आयोजित कर एक सप्ताह की कार्य ब्रीफिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल परीक्षण प्रयोगशाला की जानकारी ली। उन्होंने जिले की पानी टंकियों की सफाई व क्लोरीनेशन बारिश पूर्व कर लेने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले की 385 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत नल कनेक्शन दिया गया है।

# तीन दिनों में 12 हजार 7 सौ महिलाओं ने महतारी वंदन के लिए जमा किया आवेदन

संवाददाता।

दुर्ग। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आरंभ की गई महतारी वंदन योजना के लाभ के लिए तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में आवेदन भरने का सिलसिला जारी रहा।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शिविर में पहुँचकर हितग्रहियो से मुलाकात कर उनसे चर्चा की और शिविर में लगे योजनाओं के स्टाल में बैठक कर्मचारियो से बात कर फार्म की जानकारी लेते हुए रजिस्टरों की जांच की।नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महतारी वंदन योजना को लेकर निगम द्वारा तीसरे दिन भी अलग अलग जगहों पुलगांव वार्ड क्रमांक 55 एवं जेआरडी स्कूल वार्ड क्रमांक 39 के अलावा शहर क्षेत्र के 222 आंगनबाडियो में बड़ी संख्या में आवेदन भरने का सिलसिला आज दिनभर जारी रहा।



इस योजना के तहत तीन दिनों में 12 हजार 7 सौ आवेदन महिलाओं ने जमा किये।जानकारी के मुताबिक अब तक कुल 45 हजार फार्म बाटे गए है।शहर में हर तरफ महतारी वंदन का माहौल है।आवेदन भरने को लेकर शहर क्षेत्र में अलग-अलग कैंपों में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी है।इस योजना के लाभ को लेकर महिलाओं में बेहद उत्साह है।महिलाओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से हर महीने मिलने वाली एक हजार रूपए की राशि से वह अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि फार्म फ्री है।आंगनबाड़ी केंद्रों में फार्म भेजे गए हैं।वहीं जमा भी कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक फार्म जमा होंगे।आगे जल्द डोर-टू-डोर फार्म भराए जाएंगे।जिसकी तैयारी चल रही है।उन्होंने ये भी कहा विवाह प्रमाण पत्र नहीं है,तो राशन कार्ड,आधार,वोटर आईडी में पति का नाम होता है।इससे काम चल जाएगा।किसी भी हितग्राहियों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन,उनके स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार,परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना लागू की गई है।इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।महतारी

वंदन योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने के दूसरे दिन भी मंगलवार को बड़ी संख्या में महिलाएं महतारी वंदन योजना से संबंधित फॉर्म लेने और जमा करने के लिए लोक सेवा केंद्रों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पहुंची।ऑनलाइन फॉर्म एवं ऑफलाइन पंजीयन शुरू है। 20 फरवरी अंतिम तिथि बताया गया है शहर स्तर पर फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन पत्र भरने की संपूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क है। आंगनबाड़ी केन्द्र में एवं वार्ड कार्यालय में फार्म भरे जा रहे हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 है। 8 फरवरी दिन गुरुवार को गुरुघासीदास वार्ड 44 सामुदायिक भवन में सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं रायपुर नाका वार्ड 47 रायपुर नाका चौक में 2 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## महतारी वंदन योजना के आवेदन के लिए उमड़ी भीड़, दिखा महिलाओं में उत्साह



**दुर्ग।** महतारी वंदन योजना शासन की महती योजना है। राज्य शासन व्दारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सदा सुधार परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना के तहत् जिले में पात्र महिला हितग्राहियों से फार्म जमा करने की प्रकिया आज तीसरे दिन भी जारी रहा। जिसमें महिलाओं में योजना का लाभ लेने के लिए काफी उत्साह भी देखा जा रहा है। अब तक 1 लाख 20 हजार 741 फार्म जमा हुए है। महतारी वंदन योजना का आवेदन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के व्दारा निःशुल्क वार्ड/ग्राम पंचायत में दिया जा रहा है, वही आवेदिकाओं व्दारा आवेदन पत्र को भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पुनः आंगनबाड़ी केन्द्रों में जमा किया जा रहा है, जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आवेदनों का सत्यापन कर उसे महतारी वंदना योजना के सॉफ्टवेयर में ऑनलाईन एन्ट्री किया जा रहा है। अब तक 401 फार्म अपडेट हो चुके है। आवेदन को लेकर विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां फैलाई जा रही है। फर्जी साइट भी वायरल हो रहा है। हितग्राहियों को सचेत किया गया है कि इस तरह फर्जी साइट में फार्म न भरें।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिलाएं काफी संख्या में आवेदन भरने पहुँच रही है। जिले में ऑनलाईन फार्म और ऑफलाईन पंजीयन शुरू हो गया है। जिला स्तर पर फार्म भरने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि महिलाओं को फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिले के हितग्राही 05 फरवरी से आगामी 20 फरवरी 2024 तक निःशुल्क आवेदन कर सकते है। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल तथा मोबाईल एप्प के माध्यम से स्वयं भी आवेदन कर सकती है। इस योजना के तहत फार्म आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत स्तर पर, शहरी क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी स्तर पर सहित परियोजना कार्यालय, जिला कार्यालय में उपलब्ध है। तीसरे दिवस भी महतारी वंदन योजना का फार्म भरने महिलाएं उमड़ पड़ी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना फार्म भरा। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने महिलाओं में जबरदस्त उमंग देखने को मिल रहा है।

## बीएसपी द्वारा अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी

संवाददाता।



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा, माननीय संपदा न्यायालय के आदेश प्रकरण क्रमांक - 417/2023 के अनुपालन में, 07 फरवरी 2024 को दोपहर 12:30 बजे, नेवई के भू माफिया और अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द बेदखली कार्यवाही, भारी पुलिस बल थाना नेवई एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढालसिंह बिसेन की उपस्थिति में सम्पन्न की गयी। इस दौरान अवैध कब्जाधारियों द्वारा किये गए अवैध निर्माण/कब्जा को जेसीबी मशीन की सहायता से ढहाया गया। 07 फरवरी 2024 की कार्यवाही में शामिल मशीनरी तथा उपलब्ध मैनपावर की दक्षता का अधिकतम उपयोग करते हुए, इस कार्यवाही में नेवई में लगभग 2.5 एकड़ बीएसपी की भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया।

इस दौरान किसी भी प्रकार के सामानों की जप्ती नहीं की गयी। कुछ अवैध कब्जेधारियों द्वारा विरोध करने का प्रयास किया गया, किंतु भारी पुलिस बल के सामने उन्हें निराश होना पड़ा। उक्त बीएसपी भूमि पर किए अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही, भूमि अनुभाग के सर्वेक्षक द्वारा चिन्हांकन के बाद की गयी। उपरोक्त कार्यवाही में एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट के अधिकारियों, कर्मचारियों, निजी सुरक्षा गार्डस (महिला सुरक्षा गार्ड सहित), पीएचडी के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, भूमि अनुभाग, पुलिस बल बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस कार्यवाही में उपयोगी जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर-ट्राली इत्यादि संसाधनों के साथ लगभग सौ लोगों की टीम शामिल थी। संपूर्ण कार्यवाही का वीडियो रिकॉर्डिंग भी करवाया गया है। एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट द्वारा, अवैध कब्जाधारियों, भू माफियाओं और दलालों के विरुद्ध आगे भी कार्यवाही भी जारी रहेगी।

बीएसपी की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण, अवैध खरीदी एवं बिक्री पाए जाने पर, उसके खिलाफ भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा, कड़ी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही अवैध कब्जाधारियों का सामान भी जप्त किया जायेगा। संयंत्र प्रबंधन ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा, कि यह कार्यवाही और तेजी से चलाई जायेगी। सभी अवैध कब्जाधारियों को सूचित किया जाता है कि वे शीघ्र ही संयंत्र की भूमि को रिक्त कर दें।

## व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम खेल - महापौर

संवाददाता।

भिलाई। 67 वी राष्ट्रीय शालेय गतका खेल के समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह में महापौर नीरज पाल ने कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं इस खेल प्रतियोगिता मे सर्वाधिक अंको के साथ पंजाब प्रांत चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है।



इस्पात नगरी भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 के खेल मैदान मे 4 से 7 फरवरी तक चले इस खेल आयोजन मे छत्तीसगढ, विद्या भारती,तेलंगाना,पंजाब, मध्यप्रदेश, झारखंड, गुजरात, दिल्ली,सीबीएससी और असम राज्यो के कुल 261 खिलाड़ी और लगभग 150 आफिसियल्स प्रतियोगिता मे भाग लिए। खेल परिणाम 17 वर्ष बालिका फ्री-सोटी टीम खेल गोल्ड मेडल पंजाब (हरमनदीप कौर,मानवीर सिंह, गुरविंदर कौर,प्रभजोत कौर),सिल्वर मेडल छत्तीसगढ (डिम्पल कौर, अविनी मिश्रा,ईशा ध्रुव, अशी लकड़ा) और ब्रांस मेडल सीबीएसई (एकामरप्रीत कौर, जसमीत कौर, मनकिरत कौर) अंडर 17 बालक टीम गोल्ड मेडल सीबीएससी (गुरप्रीत सिंह, अमनप्रीत सिंह, भूपिंदरजीत सिंह),सिल्वर मेडल छत्तीसगढ (अर्शदीप सिंह, हर्षदीप सिंह, मनजोत सिंह, चंद्रशेखर यादव) तथा ब्रांस मेडल झारखंड (वेदांत भारद्वाज, मोहन कुमार पांडेय, रौशन कुमार)अंडर 19 बालक फ्री-सोटी टीम गोल्ड मेडल पंजाब कुशालदीप सिंह, अमृतपाल सिंह, गुरधानी सिंह, युवराज सिंह),सिल्वर मेडल छत्तीसगढ (रणवीर सिंह, सोहेल मिरी,निलेश यदू,करनदीप सिंह) तथा ब्रांस मेडल दिल्ली (पवनीत सिंह नारंग, अर्शदीप सिंह, गुरमान सिंह सैनी,गुरजस सिंह) ,अंडर 19 बालिका फ्री-सोटी टीम खेल गोल्ड मेडल पंजाब, सिल्वर मेडल छत्तीसगढ और ब्रांस मेडल झारखंड। कार्यक्रम मे शंकराचार्य विद्यालय हुडको और सेजस बालाजीनगर के बच्चो की 12 मासी छत्तीसगढी लोक नृत्य ने सबका मन मोह लिया।अंतिम परिणाम इस प्रकार रहा।

17 वर्ष बालक : प्रथम-सीबीएससी, द्वितीय-पंजाब, तृतीय-दिल्ली

17 वर्ष बालिका: प्रथम-पंजाब , द्वितीय-छत्तीसगढ, तृतीय-सीबीएससी

19 वर्ष बालिका: प्रथम-पंजाब, द्वितीय-छत्तीसगढ़, तृतीय-झारखंड

19 वर्ष बालक : प्रथम-पंजाब, द्वितीय-छत्तीसगढ, तृतीय-मध्यप्रदेश एवं तेलंगाना रहा है।



इस अवसर पर निगम महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, उप संचालक शिक्षा दुर्ग संभाग प्रवाश बघेल, व्ही नारायण स्वामी, सहायक संचालक क्रीड़ा छत्तीसगढ अनिल मिश्रा, सहायक संचालक क्रीड़ा दुर्ग संभाग कल्पना स्वामी, सहायक क्रीड़ा अधिकारी जिला दुर्ग तनवीर अकील सभी राज्यो के खेल अधिकारी, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक/ शिक्षिकाएं, खिलाड़ी बच्चे शामिल हुए।। कार्यक्रम का संचालन नरोत्तम साहू और छाया प्रकाश राव ने किया तथा आभार प्रदर्शन उप संचालक शिक्षा दुर्ग जिला अमित घोष ने किया।

## इस्पात बाजार में ग्राहकों की नवीनतम आवश्यकता को देखते हुए प्लेट मिल में गुणवत्ता सुधार हेतु व्यापक अनुरक्षण कार्य जारी

संवाददाता।

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र में वर्ष 1983 में स्थापित प्लेट मिल ने पिछले चार दशकों के दौरान देश के विभिन्न परियोजनाएं और ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए लगभग 34 मिलियन टन प्लेटों का उत्पादन किया। सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र ने भारतीय नौसेना के विमानवाहक जहाज आई एन एस विक्रांत और अन्य युद्धपोतों के लिए वांछित ग्रेड के प्लेट का उत्पादन कर आपूर्ति करने के साथ ही उपग्रह प्रक्षेपण वाहनों के लिए विशेष ग्रेड के प्लेटों की रोलिंग भी की है। इसके अलावा सेल-भिलाई ने राष्ट्रीय महत्व के परियोजनाओं हेतु विभिन्न ग्रेडों के प्लेटों का उत्पादन कर आपूर्ति की है।



इस्पात बाजार में ग्राहकों की नवीनतम आवश्यकता को देखते हुए मिल के उन्नयन हेतु रफिंग एवं फिनिशिंग स्टैंड के ज्यामिति में सुधार के लिए 42 दिनों का शटडाउन लिया गया है। यह कैपिटल रिपेयर का कार्य 10 जनवरी 2024 से प्रारंभ किया गया। शटडाउन के दौरान प्लेट मिल में अनुरक्षण से संबन्धित अन्य लंबित और महत्वपूर्ण कार्यो को सम्पादित किया जा रहा है।

इस दौरान प्लेट मिल के रिहिटिंग फर्नेस का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मिल में प्लेट की प्रोफाइल में सुधार हेतु दोनों लेवेलर का तथा प्लेट की एड्ज की गुणवत्ता में सुधार हेतु पहली बार क्रास कट शियर -1 का नवीनीकरण किया जा रहा है। बढ़ते डिस्पैच के अनुरूप शिपिंग एरिया में क्रेन न 26 एवं 29 का नवीनीकरण किया जा रहा है। साथ ही एल टी रेल तथा एम टी एल का प्रतिस्थापन तथा लाइन न. 409 बी का विस्तारीकरण किया जा रहा है। प्लेट मिल में पहली बार 25 मीटर की ऊंचाई पर स्थित 2000 मि मी व्यास के गैस पाइप लाइन को भी बदला जा रहा है।

उपरोक्त कार्यों के पश्चात प्लेट की उत्पादन प्रक्रिया में बढ़ोत्तरी एवं गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित होगा। साथ ही ग्राहकों के आवश्यकता के अनुसार प्रोडक्ट रेंज में वृद्धि होगी। विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा शॉप फ्लोर पर पहुंचकर इस कार्य में लगे टीम के साथ निरंतर संवाद कर सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस लंबे कैपिटल रिपेयर की एकरसता से उबरने एवं लोगों में नई ऊर्जा के संचार हेतु समस्त अधिकारियों के लिये प्लेट मिल सभागार में ब्रह्माकुमारी बहनों के सौजन्य से स्ट्रेस मैनेजमेंट सत्र का आयोजन किया गया। स्ट्रेस मैनेजमेंट सत्र को ब्रह्माकुमारी सुश्री प्राची ने संबोधित किया और अपने आतंरिक ऊर्जा को सशक्त कर बेहतर निष्पादन देने हेतु प्रोत्साहित किया।

मनरेगा श्रमिकों ने मनाया रोजगार दिवस

## पूरे राज्य में जिला दुर्ग महिलाओं की भागीदारी एवं विकलांग रोजगार देने में अव्वल

संवाददाता।



**दुर्ग।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में कार्यरत महिलाऐं को रोजगार एवं विकलांग को रोजगार देने में प्रथम स्थान पर है। वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कुल महिलाओं मजदूरों की संख्या एक लाख 4 हजार 56 है, जिसमें मानव दिवस 32 लाख 31 हजार 2 सौ 59 महिला मानव दिवस उपलब्ध कराया गया है।

आज सभी पंचायत ग्राम सभा के माध्यम से रोजगार दिवस आयोजित किया गया जिसमें योजना से संबंधित एवं अधिक से अधिक श्रमिकों को मनरेगा अंतर्गत रोजगार देने की जानकारी भी दी गई।

ग्राम पंचायतों में श्रममूलक पर्याप्त कार्य स्वीकृत है, जिसके तहत मांग अनुसार निरंतर श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। मजदूरों को 15 दिवस बैंक खाते के माध्यम से भुगतान करने संबंधी विस्तार से जानकारी दी गई। गौरतलब है कि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल पंजीकृत परिवार 1 लाख 03 हजार 3 सौ 84 है।

जिसमें से 85 हजार 5 सौ 12 परिवारों को रोजगार दिया जा चुका है। 32 लाख 31 हजार 2 सौ 59 मानव दिवस सृजित किया गया है। वर्तमान में एक हजार एक सौ 10 निर्माण कार्य ग्राम पंचायत में प्रारंभ है। वृक्षारोपण कार्य, डबरी निर्माण, तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, नवीन पंचायत भवन, आंगनबाडी, उचित मूल्य की दुकान, निर्माण इत्यादि कार्य निरंतर चल रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्विनी देवांगन बताया कि रोजगार दिवस के अवसर पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला दुर्ग में 80.08 प्रतिशत महिला मजदूर कार्य कर रही है। सृजित महिला मानवदिवस 23 लाख 17 हजार 37 महिला को कार्य कर रही है। दुर्ग जनपद पंचायत में 84.02 प्रतिशत, धमधा जनपद पंचायत 73.79 प्रतिशत, पाटन जनपद पंचायत 83.32 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रही है।

लोकशक्ति www.lokshakti.in

# मड़वा विद्युत संयंत्र की मेजबानी में छग. स्टेट पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आगाज

## खेल भावना के साथ खेलें और उत्कृष्ट प्रदर्शन करें खिलाड़ी : बंजारा

जांजगीर - संवाददाता

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्युत कंपनी का नाम रौशन करें। यह विचार मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किए।**





अटल बिहारी ताप विद्युत संयंत्र के आवासीय परिसर स्थित खेल मैदान पर 08 से 10 फरवरी तक तीन दिवसीय पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इस प्रतियोगिता में पॉवर कंपनी के 08 रीजन के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें कोरबा पूर्व, दुर्ग रीजन, राजनांदगांव, रायपुर सेंट्रल, एबीवीटीपीएस मड़वा, बिलासपुर रीजन, एचटीपीएस कोरबा पश्चिम और रायपुर रीजन की टीम शामिल हैं।

कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने बतौर खिलाड़ी की भूमिका निभाते हुए सर्विस बॉल देकर अंतरक्षेत्रीय वालीबॉल स्पर्धा का शुभारंभ किया। पहला मैच अटल बिहारी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा की टीम एवं राजनांदगांव रीजन की टीम के बीच हुआ। मड़वा की टीम मैच के दोनों ही सेट में राजनांदगांव की टीम पर भारी रही और उसने यह मैच 2-0 से जीत लिया। दूसरे मैच में कोरबा पूर्व ने दुर्ग रीजन पर 2-0 से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में रायपुर सेंट्रल ने रायपुर रीजन पर 2-0 से जीत दर्ज की। चैथे मैच में कोरबा पश्चिम ने बिलासपुर की टीम को 2-0 से हराया। इस तरह आज हुए दिन के चार मैचों में जीत का आंकड़ा 2-0 का रहा। देर शाम दो मैच और खेले जा रहे हैं।

राष्ट्रीय स्तर के रेफरी दिनेश चैधरी व जयप्रकाश नायक मैच पर बारीकी से रखे हुए हैं। स्पर्धा के शुभारंभ समारोह में अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य अभियंता मो. शाहिद खान, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव, और भरत गड़पाले, सेंट्रल आब्जर्वर हितेष महानंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन कार्यपालन अभियंता एवं क्षेत्रीय खेल सचिव आरजी नेताम द्वारा किया जा रहा है। समारोह का संचालन कल्याण अधिकारी आरएस टेकाम द्वारा किया गया। खेल मैदान पर आवासीय कॉलोनी के अलावा आसपास के ग्रामीण व खिलाड़ी बड़ी उत्सकुता के साथ खेल का आनंद ले रहे हैं।

## खास खबर



### पुलिस नक्सली मुठभेड़ में हार्डकोर नक्सली ढेर, 8 लाख रुपए का था इनाम

**सुकमा।** नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। डीआरजी, सीआरपीएफ और बस्तर फाइटर की संयुक्त टुकड़ी ने हार्डकोर नक्सली को ढेर कर दिया है। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ सुकमा व दंतेवाड़ा सीमा पर बुधवार शाम को हुई। मारे गए हार्डकोर नक्सली का नाम चन्द्रन्ना उर्फ सत्यम है। चंद्रन्ना जगरगुंडा एरिया कमेटी में सक्रिय था। इस पर 8 लाख रुपए का इनाम था। पुलिस ने मौके से शव, हथियार समेत अन्य सामान बरामद किया है।

दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि गोंदपल्ली, परलागट्टा और बड़ेपल्ली गांव के जंगल में बड़ी संख्या में हथियारबंद नक्सली मौजूद हैं। सूचना के आधार पर दंतेवाड़ा से डीआरजी, सीआरपीएफ और बस्तर फाइटर की संयुक्त टुकड़ी को बुधवार की सुबह रवाना किया गया। नक्सलियों को घेरने से पहले की फायरिंग शुरू हो गई। शाम 4:30 बजे से लगभग 35 मिनट तक फायरिंग चली। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए। मुठभेड़ रुकने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्चिंग शुरू की। सर्चिंग के दौरान चन्द्रन्ना उर्फ सत्यम का शव बरामद किया गया। कई वारदातों में शामिल चंद्रन्ना पर 8 लाख रुपए का इनाम था।

### बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौके पर तीन की मौत, एक की हालत गंभीर

**रायपुर।** रायपुर में तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मारी। इस हादसे में 3 बाइक सवारों की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। यह पूरा मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का है, जहां तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को अपने चपेट में लिया है।

जानकारी के अनुसार, रायपुर से बस तेज रफ्तार में बैलाडीला की ओर जा रही थी। वहीं एक बाइक पर चार युवक सवार होकर आ रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच हादसा हुआ। इससे तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, हादसे में शिकार हुए मोहित साहू, राजू सिंह, सागर यादव है। वहीं घायल युवक का नाम जशदीप पाल बताया जा रहा है। सभी अभनपुर के बताए जा रहे हैं। देर रात काम से लौटने के दौरान हादसा हुआ है। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।

# भिलाई की श्रृंखला यादव हत्याकांड के दोषी को 20 साल का कारावास

**टूयूशन जाते समय किया था हमला, एकतरफा प्यार में दिया था वारदात को अंजाम**

भिलाई। शहर के बहुचर्चित श्रृंखला यादव हत्याकांड के दोषी को आखिरकार कोर्ट से सजा मिली। दुर्ग कोर्ट ने आरोपी इशान ठाकुर को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 56 माह से ज्यादा चली कानूनी लड़ाई में आखिरकार श्रृंखला की मां ममता यादव को न्याय मिला। आरोपी इशान ठाकुर श्रृंखला से एकतरफा प्यार करता था और इसी जुनून में उसने इतने बड़े हत्याकांड को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरा शहर आक्रोशित हो गया और आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग करने लगा।




बता दें यह घटना 13 जून 2019 की है। 13 जून 2019 की दोपहर 3 बजे जब वो स्कूटी से सिविक सेंटर पढ़ने के लिए जा रही थी, तभी पहले से उसका पीछा कर रहे ईशान ठाकुर ने घर से करीब एक किलोमीटर दूर उसका रास्ता रोका। इस दौरान वह जबरन प्यार का इजहार करने लगा मना करने पर उसने और श्रृंखला के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में शृंखला का सिर फट गया और उसका एक हिस्सा बाहर आ गया। इसके बाद आरोपी उसे सड़क पर घसीटते हुए झाड़ियों में ले गया और फिर वहीं फेंक कर भाग गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और श्रृंखला को रायपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया।

### दो सप्ताह तक लड़ी थी जिंदगी की जंग

दो सप्ताह तक चले इलाज के बाद भी श्रृंखला को बचाया नहीं जा सका। इसके बाद पुलिस ने आरोपी इशान ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नाबालिग बताते हुए पुलिस ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया था। पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ मृतका श्रृंखला यादव की मां ने मोर्चा खोल दिया। इस दौरान पूरा शहर श्रृंखला को न्याय दिलाने सड़क पर उतरा। लोगों ने प्रदर्शन किए और पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना था कि जिस आरोपी को पुलिस ने नाबालिग बताया वह बालिग है और पूरी प्लानिंग के साथ इस घटना को अंजाम दिया।

### कैंडल मार्च निकालकर लोगो ने की थी कड़ी सजा की मांग

लोगों ने कैंडल मार्च किए और आरोपी इशन ठाकुर के लिए फांसी की सजा की मांग की। इस दौरान शहर कोई कोना नहीं बचा जहां श्रृंखला के आरोपी को सजा देने की मांग नहीं की गई हो। यही नहीं अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए श्रृंखला की मां ममता यादव ने लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। जिस आरोपी को पुलिस ने नाबालिग बताकर बाल सुधार गह भेजा था वह घटना के समय नाबालिग था। मृतका श्रृंखला की मां ने इसे साबित कर दिया। लंबी चली अदालती कार्रवाई के बाद बुधवार को दुर्ग न्यायालय ने आरोपी ईशान को धारा 302, 201 और पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाया और उसे 20 साल कैद की सजा सुनाई।

# दिव्यांग देवर ने जंगल में भाभी की गला दबाकर कर दी हत्या



■ **ममेरे भाई के साथ मिलकर शव के साथ I सामूहिक दुष्कर्म**

**बलरामपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के गेउर हरितमा बांसवाडी जंगल में महिला की हत्या का मामला सामने आया था। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला का देवर ही आरोपी है। नाबालिग दिव्यांग देवर ने अपने ममेरे भाई के साथ मिलकर रस्सी से गला घोटकर महिला की हत्या की थी। इसके बाद दोनों ने बारी-बारी से महिला के शव के साथ दुष्कर्म भी किया।

बता दें कि गेउर हरितमा बांसवाडी जंगल में 31 जनवरी को एक महिला की लाश मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर महिला की हत्या करना और शव से दुष्कर्म करने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने महिला के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई तो वारदात वाले दिन उसके मोबाइल पर पति के नाबालिग दिव्यांग भाई और एक दूसरे नंबर से 15 बार कॉल होना पाया गया।

जांच में दूसरा नंबर पति के ममेरे भाई का था। पुलिस ने पति के में ममेरे भाई से कड़ाई से पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया। उसने बताया की हत्या का मास्टरमाइंड महिला का 17 साल का नाबालिक देवर है। वह दिव्यांग है और आंखों से कम दिखता है, उसी ने योजना बनाकर मुझे शामिल किया। फिर दोनों ने हत्या को अंजाम दिया। इस पर पुलिस ने मृतका के नाबालिक देवर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने एक बालिक आरोपी को जेल तथा नाबालिक दिव्यांग को बालक सुधार गृह भेजा है।

# जंगल में व्यवसायी का मिला अधजला शव, बेटे के कॉल करने के बाद स्विच ऑफ हुआ फोन, जांच में जुटी पुलिस

**बलरामपुर।** रामानुजगंज नगर के वार्ड क्रमांक 7 के निवासी होटल व्यवसायी धर्मेंद्र केसरी (40) का अधजला शव बुधवार रात नौ बजे के करीब सिंदूरी नदी के पास सोनहरा जंगल से बरामद हुआ। मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य धीरज सिंह देव, मनीष सिंह सहित अन्य लोग पहुंचे, जिनके द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।



जानकारी के अनुसार, होटल व्यवसायी धर्मेंद्र केसरी अपनी बाइक से 5 फरवरी की शाम को घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे। इसके बाद परिजन परेशान हो गए और खोजबीन शुरू कर दी। दूसरे दिन भी शाम तक घर नहीं आने के बाद परिजनों ने बलरामपुर कोतवाली थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजन एवं पुलिस खोजबीन कर ही रही थी, इस बीच सूचना मिली कि सिंदूरी नदी के पास एक अधजला शव मिला है। मौक पर पहुंची पुलिस और अन्य लोगों ने शव की शिनाख्त धर्मेंद्र केशरी के रूप में की।

घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह बुधवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। डॉग स्क्वॉयड की टीम औक एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि विभिन्न पहलुओं पर बहुत ही सूक्ष्मता से से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चल सकेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि धर्मेंद्र शाम को अपनी दुकान में सब्जी पहुंचाकर निकाला था, जिसके बाद दुकान में ग्राहक आने के बाद उसके 10 वर्षीय पुत्र के द्वारा फोन भी किया गया कि पापा जल्दी आइए दुकान में ग्राहक हैं। इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। वहीं, उसी दिन सात बजे के करीब धर्मेंद्र के द्वारा एक पेट्रोल पंप में तेल भी भरवाया गया था। युवा व्यवसायी की मौत की खबर नगर में शोक की लहर है।

# कोरबा में रेलवे फाटक को तोड़ने वाला आरोपी बिहार से गिरफ्तार, 21 साल से था फरार

**कोरबा।** आरपीएफ ने 2003 से फरार एक आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी बहुत ही शातिर है। वह रेलवे पुलिस को चकमा देकर पिछले कई वर्षों से फरार चल रहा था। वारंटी आरोपी उपेंद्र सिवान जिले के पचरूखी थाना क्षेत्र के जसौली पश्चिम टोला का रहने वाला है। आरोपी उपेंद्र कोरबा जिले के हीरापुर टाटीबंध के पास थाना बुढातालाब रायपुर में रहकर ड्राइवर का काम करता था। वह किराए के मकान में रहता था।



जानकारी के अनुसार, उपेंद्र ने कई साल पहले भैंसमा बंद फाटक को क्षतिग्रस्त कर दिया था, जहां एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया था। इस घटना के बाद से आरोपी ट्रक छोड़कर फरार हो गया था। कोरबा रेलवे आरपीएफ पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। काफी लंबे समय बाद उसके मूल निवास बिहार से रेलवे आरपीएफ पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

पुलिस उसे पकड़ने के लिए कई बार रायपुर स्थित किराए के मकान पर पहुंची। इसके बावजूद भी उसके मूल निवास का पता नहीं चल पा रहा था। कोरबा रेलवे आरपीएफ को मुखबिर से सूचना मिली कि उपेंद्र किसी काम से रायपुर आया हुआ था और बिहार में कहीं दूसरी जगह पर नाम बदलकर रहता है। कोरबा रेलवे आरपीएफ को इसकी सूचना मिली और टीम बनाकर बिहार के लिए रवाना की गई। कोरबा रेलवे आरपीएफ ने उसे बिहार से गिरफ्तार किया है।

# टीचर के टॉर्चर से परेशान छठी की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

■ **सुसाइड नोट बरामद, दो शिक्षिकाओं पर लगाया प्रताड़ना का आरोप**

अंबिकापुर। अंबिकापुर में एक छात्रा ने मंगलवार की रात कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह रिंग रोड नमनाकला स्थित एक नामचीन मिशन स्कूल में कक्षा छह में पढ़ती थी। आत्महत्या से पहले अंग्रेजी में एक सुसाइड नोट भी लिखा। इसमें स्कूल की दो शिक्षिकाओं पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। छात्रा ने सुसाइड नोट में लिखा कि 'मर्सी सिस्टर का बुरी और डेंजरस हैं और वह टॉर्चर करती है। मेरे पास मरने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है।




वहीं, घटना से आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने स्कूल कैंपस के बाहर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने स्कूल की प्रिंसिपल व शिक्षिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वहीं, अभिभावक संघ भी काफी आक्रोशित नजर आए और अध्यक्ष निलेश सिंह की अगवानी में उन्होंने एसपी ऑफिस पहुंचकर दोषी शिक्षिकाओं की तत्काल गिरफ्तारी एवं एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

नवनियुक्त एसपी विजय अग्रवाल एसपी कार्यालय पहुंचे और अभिभावक संघ की बात सुनाने लगे। अभिभावक संघ ने विस्तृत रूप से पूरी घटना बताई और छात्रा के सुसाइड नोट के अनुसार प्रताड़ित करने वाली दोनों शिक्षिकाओं के ऊपर तत्काल एफआईआर कर गिरफ्तारी की मांग की। एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि मामले में अभी मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद एवं छात्रा के सुसाइड नोट की हैंड राइटिंग मिलाने के बाद मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूल शिक्षिका पर कई दिनों से प्रताड़ित करने का आरोप

जानकारी के मुताबिक, शहर के दर्रीपारा निवासी इंजीनियर आलोक कुमार सिन्हा की 12 वर्षीय इकलौती बेटी अर्चिशा सिन्हा शहर के कार्मेल स्कूल में कक्षा छह की छात्रा थी। उसने मंगलवार की रात करीब 11 बजे अपने कमरे में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उसने स्कूल की शिक्षिका पर कई दिनों से प्रताड़ित व कक्षा में दोस्तों के सामने अपमानित करने का आरोप लगाया है। आत्महत्या करने से पहले छात्रा ने सुसाइड नोट में लिखा कि 'मर्सी सिस्टर ने उसका आईकार्ड छीना। वह बहुत ज्यादा पनिशमेंट देती हैं। अब मेरे पास मरने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। मैं सिस्टर से बदला लूंगी, वह बहुत बुरी और डेंजरस हैं। प्लीज मेरे जितने भी दोस्त हैं, उन्हें पनिशमेंट न दें। सिस्टर मर्सी व सिस्टर जीवा पढ़ाती भी हैं और टॉर्चर भी करती हैं।

घटना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच की। मृतक छात्रा द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट और छात्रा के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी शिक्षिका के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया गया। अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी शिक्षिका सिस्टर मर्सी को बुधवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद आरोपी शिक्षका को कोर्ट में पेश कर वहां से जेल भेज दिया गया।

### काफी होनहार व पढ़ाई में थी होशियार

परिजनों के अनुसार, छात्रा अर्चिशा पढ़ाई में काफी होनहार थी। वह कक्षा में टॉप 5 में अपना स्थान बना चुकी थी। वह अपने माता-पिता की एकलौती संतान थी। बुधवार की सुबह जब माता-पिता उठे और बेटी के कमरे में जाकर देखा तो उसका शव पंखे से लटका मिला। सूचना पर एएसपी पुपलेश कुमार, कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। छात्रा की मौत से उसके माता-पिता सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कलेक्टर ने जारी किया शो कॉज नोटिस

कलेक्टर ने विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि संबंधित शिक्षक एवं संस्था का व्यवहार भारतीय दंड संहिता एवं संविधान द्वारा बच्चों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों से सर्वथा विपरीत है, जो दंडनीय है। नोटिस में संस्था को प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र निरस्त करने का प्रस्ताव शासन को क्यों ना भेजा जाए, इसका कारण बताते हुए तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों को धान खरीदी के अंतर की राशि जल्द दी जाएगी



**अनुपूरक बजट में 12 हजार करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान**

**रायपुर,** / खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य में इस वर्ष धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में 145 लाख टन धान की खरीदी की गई है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य और राज्य सरकार के उपार्जन मूल्य में अंतर की राशि का भुगतान किसानों को शीघ्र करने के लिए कृषक उन्नति योजना के तहत 12 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान अनुपूरक बजट में किया गया है। यह राशि जल्द ही किसानों को दी जाएगी। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि किसानों के हित में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए धान खरीदी की तिथि 31 जनवरी को बढ़ाकर 04 फरवरी की गई, जिसके कारण छत्तीसगढ़ के रिकार्ड संख्या में अधिकाधिक किसान अपना धान बेच पाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की और किसानों के लिए धान का उपार्जन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर का किया औचक निरीक्षण

**रायपुर।** उप मख्यमंत्री तथा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री विजय शर्मा द्वारा आज अपने विभाग के अधीनस्थ संस्थान छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेन्टर के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों से चर्चा करते हुए संचालित किये जा रहे योजनाओं एवं परियोजनाओं की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान बताया कि प्रदेश में चल रही शासन की विभिन्न निर्माण संबंधित परियोनाओं की मानिंटरिंग रिमोट सेंसिंग तकनीक के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश भर से आने वाले छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों के विज्ञान के प्रति रुझान विकसित किये जाने की दिशा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यकमों की प्रशंसा की और आधुनिक विज्ञान की दिशा में विभाग के दायित्वों हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने संस्थानों द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों में शासन को सहभागी बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान विधानसभा क्षेत्र कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक एस.एस. बजाज एवं छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के समस्त वैज्ञानिक तथा अधिकारी उपस्थित रहे।



# समाज तभी तरक्की कर सकता है, जब वह शिक्षित हो

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की मोवा इकाई का वार्षिक सम्मेलन

**रायपुर**

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज की मोवा इकाई में सोमवार को वार्षिक सम्मलेन का आयोजन किया गया। डॉ. खूबचंद बघेल सत्संग भवन मोवा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज के अध्यक्ष केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा रहे। अध्यक्षता रायपुर राज के राजप्रधान जागेश्वर प्रसाद वर्मा ने की।

विशेष अतिथियों में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू शामिल रहे। मुख्य अतिथि चोवाराम वर्मा ने कहा कि कोई भी समाज तभी तरक्की कर सकता है, जब वह शिक्षित हो। इसलिए नई पीढ़ी को न सिर्फ शिक्षा बल्कि स्किल बढ़ाने पर भी ध्यान देना चाहिए। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने समाज के महान विभूतियों तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर राजीव लोचन मानस मंडली के भजन से की। कार्यक्रम में साकेत स्कूल के विद्यार्थियों के साथ समाज के अन्य बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। साथ ही समाज के युवाओं को अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसमें अभिनेता राज वर्मा, मीडिया से दिग्विजय सिंह वर्मा समेत अन्य युवा शामिल थे। आखिर में आयोजकों ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।



# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से स्ट्रीट वेंडर्स के सपनों को मिल रही है ऊंचाई

**रायपुर।**

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि अर्थात पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से बैंकों से 10-50 हजार तक की कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त होने से रायपुर नगर निगम क्षेत्र के 21 हजार से भी अधिक छोटे व्यावसायियों के जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है। कार्यशील पूंजी ऋ ण की आसान प्रक्रिया से छोटे व्यावसायियों में आत्मविश्वास बढ़ा है, साथ ही उनके व्यापार ने भी विकास की ओर रफ्तार पकड़ी है।



नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के अनुसार केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से बहुत ही आसान प्रक्रियाओं के तहत ऋण स्वीकृति की सुविधा मिल रही है। इस हेतु लघु व्यवसायियों के आधार कार्ड व बैंक पासबुक के विवरण के साथ स्वनिधि योजना के लिए वेबसाइट https//pmsvanidhi.mohua.gov.in / पर आवेदन करना होता है एवं इस सामान्य प्रक्रिया के उपरांत 10 से 50 हजार तक के लोन की स्वीकृति सभी पात्र आवेदकों को तत्काल हो जाती है। रायपुर नगर निगम के सहयोग से 21797 लघु व्यवसायियों को ऋण प्राप्त हो चुका है। नगर निगम रायपुर द्वारा शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से ऐसे लघु व्यवसायियों के चिन्हांकन व ऋण स्वीकृति हेतु नियमित शिविर भी आयोजित किए जाते है। फरवरी माह में लगने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में भी इस हेतु आवेदन लिए जाएंगे। केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं के रूप में चिन्हांकित इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रत्येक चरण अर्थात हितग्राही चयन, पोर्टल पर आवेदन, ऋण हेतु बैंकों की कार्यवाही, जिला स्तरीय परामर्शदात्री (डीएलसीसी) की बैठकों में लंबित प्रकरणों की त्वरित स्वीकृति तथा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक या स्थानीय बैंक प्रबंधकों के सहयोग से लंबित प्रकरणों के निपटान की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

रायपुर नगर निगम द्वारा शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधकों, सामुदायिक संगठकों व जोन कार्यालयों के माध्यम से पीएम स्वनिधि प्रकरणों की त्वरित स्वीकृति सुनिश्चित की जा रही है। इस योजना तहत रायपुर निगम द्वारा अब तक 10 हजार रुपए वार्षिक किश्त पर 15709 हितग्राहियों को कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान की जा चुकी है।

वहीं दूसरी किश्त के अंतर्गत 5451 हितग्राहियों को 20 हजार की ऋण स्वीकृति तथा तृतीय किश्त के तौर पर 637 स्ट्रीट वेंडर्स को 50 हजार रुपए का ऋण प्रदान किया जा चुका है।

वित्तीय वर्ष 2024 तक के लिए रायपुर नगर निगम को 10 हजार तक के लिए 20008, तथा 20 हजार हेतु 7351 और 50 हजार हेतु 735 वेंडर्स का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

# प्रदेश सरकार ने 'मोदी की गारंटी' को पूरा कर धान खरीदी की अंतर राशि के लिए प्रावधान कर कांग्रेसियों के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दिया : भाजपा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने किसानों और गरीबों के कल्याण को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को प्रधानमंत्री श्रीअन्न योजना के तहत पाँच साल तक मुफ्त चावल देने की घोषणा के बाद अब भारत चावल योजना लॉन्च करने और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों को सन 2028 तक मुफ्त चावल देने की घोषणा तथा किसानों को धान खरीदी की अंतर राशि देने के लिए 12 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान कर अनुपूरक बजट पेश करने के लिए बधाई दी है।



देव ने कहा कि इससे यह स्पष्ट है कि केंद्र सरकार गरीबों को मुफ्त अनाज देने की योजना जारी रखने के बाद अब एक ओर जहाँ देश के सभी वर्ग के लोगों को रियायती दर पर अनाज मुहैया कराने की दिशा में संवेदनशीलता का परिचय दे रही है, वहीं प्रदेश की भाजपा सरकार 'मोदी की गारंटी' पर ठोस निर्णय लेकर उनके क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 2028 तक मुफ्त चावल देने की क्रांतिकारी घोषणा करके उस संकल्प के लिए अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया है कि भाजपा की सरकार के रहते छत्तीसगढ़ का कोई भी परिवार रात को भूखे पेट नहीं सोएगा। प्रदेश सरकार की इस घोषणा से छत्तीसगढ़ में 67.94 लाख अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित और निःशक्तजन राशन कार्डधारियों को मासिक पात्रता के अनुसार चावल दिया जाएगा।

देव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत अपने अनुपूरक बजट में 'मोदी की गारंटी' को पूरा करते हुए धान खरीदी की अंतर राशि के लिए 1200 करोड़ रुपए का प्रावधान करके कांग्रेसियों के दुष्प्रचार का मुँहतोड़ जवाब दिया है। केंद्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर धान की रिकॉर्ड खरीदी और उसका तत्काल भुगतान करने के बाद अब प्रदेश सरकार 917 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों को अंतर की राशि देने जा रही है। देव ने कहा कि गरीबों और किसानों के जीवन में खुशहाली लाने की दिशा में प्रदेश सरकार के फैसले भाजपा सरकार के संवेदनक्षम नेतृत्व की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। देव ने अनुपूरक बजट में विभिन्न योजनाओं के लिए भी किए गए प्रावधानों को जनहितकारी बताते हुए कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूलमंत्र के साथ भाजपा जो कहती है, वह करती है।

# निगम ने मलीन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान



**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के मार्गदर्शन, रायपुर जिला कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर पालिक निगम रायपुर के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधारने सहित रायपुर की स्वच्छता रैंकिंग और अधिक बेहतर बनानेकी दृष्टि से निरन्तर सतत स्वच्छता अभियान वार्डों एवं बस्तियों में निरन्तर प्रगति पर है. नगर निगम जोन क्रमांक 2 के तहत वीरांगना अवंति बाई लोधी वार्ड क्रमांक 6 के तहत रहवासी बस्ती त्रिमूर्ति नगर क्षेत्र की सभी गलियों एवं नालियों को वार्ड एवं जोन के स्वच्छता गैंग से 40 सफाई कामगारों का गैंग भेजकर विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा उठवाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा बाबत स्वच्छता कायम की गयी. बस्ती के रहवासियों को मच्छरों से राहत दिलवाने बस्ती क्षेत्र में विशेष टीम भेजकर एन्टी लार्वा अभियान चलाया गया. नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, नगर निगम जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे एवं जोन 2 के प्रभारी जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लवनिया ने मलीन बस्तियों में जोन स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर रहवासियों से कचरा सफाई मित्र को सफाई वाहन में सूखा एवं गीला कचरा पृथक - पृथक करके देने, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन नहीं होने की स्थिति में अनुबंधित एजेंसी रामकी ग्रुप के टोल फ्री नम्बर 18002709992 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवाकर उसका त्वरित निदान करवाने, गन्दगी, कचरा नाली, नाला, सड़क, गली, तालाब में नहीं डालने का संकल्प लेकर बस्ती की स्वच्छता व्यवस्था को निरंतर कायम रखने सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने का आव्हान किया है।

# धरमपुरा में हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन



**रायपुर।** जिला रायपुर के धरसीवां विकासखंड अंतर्गत स्थित जैतु साव मठ के गांव धरमपुरा में हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 6 फरवरी 2023 को दोपहर 12 बजे यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सबसे पहले हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना की गई, अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला से किया गया, सभी ने मिलकर भूमि पूजन किया,जीर्णोद्धार कार्य करने वाले ठेकेदार को निर्माण कार्य शुरू करने हेतु चेक में राशि प्रदान की गयी तथा कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विशेष रूप से महामंडलेश्वर राजेमहन्त रामसुन्दर दास जी महाराज, कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता सत्यनारायण शर्मा जी, अजय तिवारी जी, दाऊ महेंद्र अग्रवाल जी, ब्रजबिहारी शास्त्री जी सहित ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत होते देख कांग्रेस को तकलीफ हो रही है : संजय श्रीवास्तव

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए महतारी वंदन योजना के तहत सभी महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह याने सालाना 12000 रुपए देने की घोषणा की थी। वादे के अनुरूप महतारी वंदन योजना के लिए राशि जारी करने की तैयारी भाजपा की सरकार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कर रही है। इसके लिए अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ की महिलाओं को सम्मान स्वरूप जो राशि प्राप्त हो रही है, उससे महिलाओं को आर्थिक रूप मजबूत होते देख कांग्रेस को तकलीफहो रही है उनके पेट में लगातार दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिला विरोधी रही है। महिलाओं का अपमान करने में कांग्रेस कभी पीछे नहीं रही।भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को 1000 प्रतिमाह देने का वादा किया जबकि कांग्रेस के घोषणा पत्र में इस तरह की कोई भी योजना नहीं थी। भाजपा के घोषणा पत्र के बाद कांग्रेस पार्टी ने आनन-फानन में महिलाओं को राशि जारी करने की योजना रखी और भाजपा से ज्यादा राशि देने की घोषणा की। कांग्रेस पार्टी की योजना में ज्यादा राशि रखने के बाद भी छत्तीसगढ़ की महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा किया, क्योंकि महिलाओं को भरोसा है कि भाजपा महिलाओं के लिए जो जो घोषणाएं करती है उन्हें पूरा भी करती है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की सभी विवाहित महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह मिलने जा रहा है, इसके लिए उन्होंने सभी महिलाओं को बधाई भी दी है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 5 साल पहले अपने जन घोषणा पत्र में महिलाओं के साथ धोखा करते हुए कहा था कि वह प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करेगी। गंगाजल की कसम खाकर कांग्रेस पार्टी ने शराबबंदी करने की घोषणा की थी, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने शराबबंदी करने के बजाय शराब को अवैध आय का जरिया बनाकर अपनी तिजोरियां भरने का काम किया। महिलाओं के साथ किए वादे को कांग्रेस पार्टी ने पूरा नहीं किया है। कांग्रेस पार्टी ने कभी भी महिलाओं का सम्मान नहीं किया, इसके कई उदारण है जैसे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन के समय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी के पीए ने अपनी ही पार्टी की युवा नेत्री (अर्चना गौतम) के साथ बदतमीजी की। इस पर प्रियंका गांधी ने कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। यह कांग्रेस का महिला एवं दलित विरोधी चेहरा है। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने राहुल गांधी के न्याय यात्रा पर सवाल करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ अन्याय करने वाली कांग्रेस पार्टी बताए कि शिक्षक दिवस के दिन एक आदिवासी शिक्षिका के साथ दुराचार की घटना ने प्रदेश को शर्मसार किया उनके साथ कांग्रेस ने क्या न्याय किया? रक्षाबंधन के दिन प्रदेश की बहनों के साथ सामूहिक दुराचार की घटना हो जाती है।



# बड़े बकायादारो के संबंधित 9 संस्थाओं को सीलबंद किया,निगम को 8.89 लाख का तत्काल भुगतान

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम के सभी जोन कमिश्नरों , राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों को नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डो में सभी बडे बकायेदारों से नियमानुकुल कडाई के साथ बकाया राजस्व वसूली अभियानपूर्वक नगर पालिक निगम रायपुर के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतरता से सुनिश्चित करने एवं बड़े बकायेदारों के संस्थानों में बकाया न देने की स्थिति में संबंधित बकायादारों पर सीलबंदीध् कुर्की की कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनों के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों , राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली हेतु प्रतिदिन निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। आज इस क्रम में नगर पालिक निगम राजस्व विभाग की टीमो ने बकाया निगम को अदा न करने पर संबंधित 9 संस्थानो में कडाई से सीलबंदी की कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान निगम राजस्व विभाग को 889689 रू. का भुगतान स्थल पर तत्काल प्राप्त हुआ। आज जोन 2 राजस्व विभाग की टीम ने पंडरी क्षेत्र में वर्ष 2016-17 से बकायेदार तामसिंह बरवे दुकान नंबर 38, उदय शंकर दुकान नंबर 43, द्वारका लखवानी दुकान नंबर 53 कुल बकाया राशि 385900 रू. को बकाया अदा न करने पर सीलबंदी की कार्यवाही की गई। जोन 2 की टीम ने 9 दुकानों पर कार्यवाही की । इसमें अन्य 6 दुकानों के बकायेदारो ने स्थल पर तत्काल कुल 85000 रू. की बकाया राशि का भुगतान निगम को कर दिया । जोन 5 की टीम ने मंगलबाजार क्षेत्र में वर्ष 2008-09 से एक बकायेदार नवीन केसवानी दुकान नंबर 18 कुल बकाया राशि 175000 रू. पर बकाया अदा न करने पर सीलबंदी की कार्यवाही की । जोन 6 की टीम ने अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल में कुल 72000 रू. की बकाया राशि वसूलने अस्थायी आबंटित गुमटी, ठेला संचालनकर्ता, जिनको 1800 रू. मासिक किराया नहीं देने पर हटाये जाने व ठेला जप्ती की कार्यवाही की है एवं अनाधिकृत शेड निर्माण कर आवागमन बाधित कर रहे व्यवसायियों की भी संरचना को तोडकर हटाया गया है। निगम जोन 7 राजस्व विभाग की टीम ने स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 39 के क्षेत्र में कुल 375938 रू. के बड़े बकायेदार नेषनल कार्पोरेट शॉप नंबर 207,208 बकायेदार संजय माहेष्वरी, नेषनल बिजनेस पार्क नंबर 315 - सन साइन इन्फ्रा कार्पोरेट इन दो बकायेदारो पर निगम को बकाया न देने पर सीलबंदी की कार्यवाही की गई। आज जोन 7 की टीम ने 187969 रू. का बकाया राजस्व अभियान चलाकर वसूला ।



जोन 8 की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 20 एवं 69 के क्षेत्र में 2 बडे बकायेदारों से बकाया राषि वसूलने कार्यवाही की । कार्यवाही के दौरान संबंधित दोनो बकायेदारो ने तत्काल निगम जोन 8 को कुल सम्पूर्ण बकाया राशि 616720 रू. का भुगतान कर दिया । जोन 9 की टीम ने महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 32 के विजय नगर क्षेत्र में 3 बकायेदार दुकानदारो पर बकाया न देने पर कार्यवाही करते हुए सीलबंदी की ।


## :: कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला बीजापुर (छ0ग0) ::

कमांक/पु0अ0/बीजा0/एसी–1/निविदा/I-101 /2024, दिनांक 01/02/2024

(प्रथम निविदा आमंत्रण)

छत्तसीगढ के राज्यपाल की ओर से प्रपत्र "अ" में (प्रतिशत दर पर) उचित श्रेणी में छ0ग0शा0 के लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं छ0ग0 गृह निर्माण मण्डल में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफे पद्धति से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग छ0ग0शा0 के द्वारा जारी दिनांक 01.01.2015 से संशोधित भवन एस0ओ0आर0 दर, कम/अधिक पर मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है ।

1. निविदा प्रपत्र जारी करने का **दिनांक 01.02.2024**
2. निविदा प्रपत्र विकय करने का **दिनांक 20.02.2024**
3. निविदा पपत्र प्राप्त करने का अंतिम **दिनांक 28.02.2024**
4. निविदा प्रपत्र खोलने का अंतिम दिनांक **01.03.2024**

**(1) प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00 रूपये। (2) कार्यपूर्ण करने की अवधि 02 माह। (3) सक्षम ठेकेदारों की श्रेणी – "डी" वर्ग**

निर्माण कार्य का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

| क0 | कार्य का नाम | कार्यस्थल | संख्या | ठेके की अनुमानित लागत | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नाईट लैडिंग हेलीपेड साफ–सफाई मिट्टी फिलिंग एवं बेस कार्य | नवीन सुरक्षा कैम्प पालनार | 01 | 1830000.00 | 13800.00 |
| 2 | नाईट लैडिंग हेलीपेड हेतु सीमेंट कांकिट कार्य | | 01 | 1677000.00 | 12600.00 |
| 1 | नाईट लैडिंग हेलीपेड साफ–सफाई मिट्टी फिलिंग एवं बेस कार्य | नवीन सुरक्षा कैम्प मुतवेन्डी | 01 | 1830000.00 | 13800.00 |
| 2 | नाईट लैडिंग हेलीपेड हेतु सीमेंट कांकिट कार्य | | 01 | 1677000.00 | 12600.00 |
| 1 | नाईट लैडिंग हेलीपेड साफ–सफाई मिट्टी फिलिंग एवं बेस कार्य | नवीन सुरक्षा कैम्प कावड़गांव | 01 | 1830000.00 | 13800.00 |
| 2 | नाईट लैडिंग हेलीपेड हेतु सीमेंट कांकिट कार्य | | 01 | 1677000.00 | 12600.00 |

टीपः– कार्य से संबधित नियम, शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

G-07624/5

पुलिस अधीक्षक
बीजापुर

## संक्षिप्त खबरें...

### महतारी वंदन योजना : जिले की महिलाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

महासमुंद। महतारी वंदन योजना को लेकर जिले की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्रों में बड़ी संख्या में योजना का फॉर्म भरने पहुंच रही हैं। मौहारी भाटा वार्ड नंबर 28 महासमुंद निवासी धनेश्वरी पटेल ने महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरा और कहा कि इस योजना से हम जैसे विवाहित महिलाओं को अब एक हजार रुपये प्रतिमाह मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना रोजाना आर्थिक जरूरतों का सहारा बनेगी। स्वयं के पोषण आहार सहित घरेलू अन्य चीजों के लिए इस रुपये से बड़ी मदद मिलेगी। पूजा शर्मा कहती हैं कि महतारी वंदन योजना बहुत अच्छी योजना है। इस योजना से मुझ जैसी अनेक महिलाओं को लाभ मिलेगा और हम अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा कर सकेंगी और हमें किसी से पैसा उधार नहीं लेना पड़ेगा। आज हम जैसे सभी महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय ने जो कहा उसे पूरा करके दिखा रहे है। इस योजना के लिए महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है।

### राजस्व शिविर में बी वन पाठन सहित राजस्व प्रकरणों का होगा निराकरण

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार सभी अनुभागों में राजस्व शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें समस्त हल्का पटवारियों द्वारा अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा के मामलों की ऑनलाईन भुईया में दर्ज करना, नवीन ऋण पुस्तिका बना कर प्रदाय करना, भू-अभिलेखो की नकल प्रदाय करना, नक्शा बटांकन व सीमांकन के लिए आवेदन प्राप्त कर निराकरण करना, जाति प्रमाण के लिए वंशावली तैयार कर प्रदाय करना एवं राजस्व से संबंधित अन्य कार्य संपादित किया जा रहा है। जहां ग्रामीण राजस्व प्रकरणों के संबंध में आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। महासमुंद अनुविभाग अंतर्गत 7 फरवरी को ग्राम गोपालपुर खट्टीडीह, लाफिनकला, चोरभट्ठी, चितमखार, सिंघी, लोहारडीह, नयापारा, परसाडीह, तेन्दुवाही, पिरदा, अमावश, मुस्की, शेर, साल्हेभाठा, उमरदा, कनेकेरा, परसदा, रामपुर, गोंगल, सरेकेल, नवापारा, बरभांठा, लखनपुर, गोड़पाली, कुल्हरिया, जलकी, बंदोरा, अमोरी, धनगांव, तेन्दुवाही, जोगीडीपा, ठूमसां, चिरको, पचपेढ़ी, चौकबेड़ा, खम्हारमुड़ा, बोरिद, खमतराई, जोबा, कांपा, लखनपुर एवं पीढ़ी में शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह बागबाहरा अनुभाग अंतर्गत ग्राम डोंगरगांव, पतेरापाली (स), कुसमी, साल्हेभांठा, सिवनीकला, राटापाली, बिन्द्रावन, परसुली, बोकरामुड़ा कला, खैरटकला, मामाभांचा, लमकेनी, तुसदा, एवं जुनवानी कला में शिविर लगाया जाएगा।

### सालों से मुआवजा राशि के लिए भटक रहे पीड़ित को जनदर्शन में मिली राहत

**बिलासपुर।** सालों से मुआवजा राशि के लिए भटक रहे सिरगिटटी निवासी अनवर अहमद को जनदर्शन में आवेदन देने पर राहत मिली। मुआवजा राशि मिलने पर आज उन्होंने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर अवनीश शरण के प्रति आभार व्यक्त किया। अहमद ने विगत दिनों जनदर्शन में मुआवजा राशि दिलाने कलेक्टर से गुहार लगायी थी। कलेक्टर ने इत्मीनान से उनकी समस्या को सुनी। उन्होंने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए जल्द राशि का भुगतान करने के निर्देश सहायक श्रमायुक्त को दिए। निर्देश के परिपालन में अहमद को लगभग सवा दो लाख रूपए का भुगतान किया गया। अनवर अहमद ने बताया कि वे 2002 में बब्बन खैरवार के गन्ना रस दुकान में काम करते थे। काम करने के दौरान 06 मई 2002 को उनका पूरा हाथ मशीन में फंस जाने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। लगातार इलाज के बावजूद वे अशक्त हो गए थे। लगातार न्यायालयों के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें बब्बन खैरवार द्वारा मुआवजा राशि नहीं दी जा रही थी। श्रम न्यायालय द्वारा अनवर अहमद के पक्ष मे भी फैसला दिया गया था लेकिन उन्हें मुआवजा राशि नहीं दी जा रही थी। अहमद ने 05 जनवरी 2024 को कलेक्टर अवनीश शरण के समक्ष जनदर्शन में गुहार लगायी। कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेकर सहायक श्रमायुक्त एवं नगर निगम के भवन अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई कर मुआवजे की राशि दिलाए जाने के निर्देश दिए। 24 जनवरी को बब्बन खैरवार द्वारा पीड़ित अनवर अहमद को ब्याज सहित लगभग सवा दो लाख रूपए का भुगतान कर दिया गया।



### कलेक्टर जनदर्शन में आए आवेदन का तत्काल हुआ निराकरण

**जांजगीर-चांपा।** सोमवार को कलेक्टर आकाश छिकारा के जनदर्शन कार्यक्रम में जांजगीर के खोखरा से आए ताराचंद धीवर ने सहकारी बैंक में एटीएम बनाए जाने एवं सक्ती जिले से आए ताराचंद चौहान ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने को लेकर आवेदन दिया था। संवेदनशील कलेक्टर ने दोनों के आवेदनों को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। ताराचंद को जहां उसी दिन एटीएम कार्ड मिल गया तो वहीं दूसरे दिन बसंत चौहान को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य एवं जिला पंचायत मुख्य कार्य पालन अधिकारी आर के खुंटे भी उपस्थित थे। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा प्रत्येक सोमवार को कलेक्टोरेट में जनदर्शन लगाया जा रहा है। जिमसें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। आवेदन लेकर आने वाले हितग्राहियों की समस्याओं का पात्रता अनुसार त्वरित निदान हो इसके लिए कलेक्टर छिकारा ने संबंधित अधिकारियों को भी सभाकक्ष में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में 5 फरवरी सोमवार को खोखरा से सहकारी बैंक में एटीएम बनाए जाने को लेकर ताराचंद धीवर ने आवेदन किया था, उनके आवेदन की प्राथमिकता को देखते हुए उन्होंने मौके पर बैंक अधिकारी को आवेदन का निराकरण करने कहा। बैंक अधिकारी ने आवेदन के आधार पर ताराचंद का एटीएम बनाकर दिया, जिसे कलेक्टर छिकारा के हाथों उसी दिन प्रदान किया गया। ताराचंद का कहना था कि एटीएम बनजाने से अब उन्हें बैंक में पैसा निकालने के लिए लाइन नहीं लगाना पड़ेगी। वहीं सक्ती जिले से आए बसंत चौहान ने दिव्यांग प्रमाण पत्र को लेकर आवेदन किया था। आवेदनको मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निराकरण करने दिया गया। इस मामले में दूसरे दिन मेडिकल बोर्ड द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए हितग्राही बसंत के पैर की जांच की गई। जांच में बसंत 80 फीसदी चलने संबंधी दिव्यांगता पाई गई इस आधार पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया। बसंत का कहना था कि दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बनने से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। दोनों का कहना था कि एक ही दिन में आवेदन पर त्वरित निराकरण होने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है।

## महिलाओं के परिश्रम का सम्मान, छोटी-छोटी ख्वाहिशें अब नहीं रहेंगी अधूरी



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने नारा दिया है कि हमने ही बनाया है हम ही संवारेंगे। एक महिला जब मजबूत होती है तब एक परिवार संवरता है, परिवार के संवरने से समाज संवरता है और समाज के संवरने से राज्य संवरता है इसलिए मोदी जी ने महतारी वंदन योजना की गारंटी दी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे शुरू किया ताकि महिलाओं के परिश्रम को सम्मान देते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप स्नेह राशि भेंट की जाए। इस तरह से महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ की परंपरा रही है कि यहां बेटियों को अगाध स्नेह और सम्मान दिया जाता है। बेटियों का हर घर में विशेष स्थान होता है। तीज-त्यौहारों में बेटियों और बहनों को स्नेह से भेंट और राशि दी जाती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी महतारी वंदन योजना के जरिए प्रदेश की लाखों महिलाओं का मान-सम्मान बढ़ाया है। सरकार ने स्नेह स्वरूप महिलाओं को सालाना 12 हजार रुपए देने का निर्णय लिया है, इससे महिलाओं में खासा उत्साह है। महतारी वंदन योजना लागू होने से महिलाओं के विश्वास की जीत हुई है। अब उनकी छोटी-छोटी ख्वाहिशें अधूरी नहीं रहेंगी। जिले में महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में खुशी का माहौल है। महिलाओं को इस योजना ने उम्मीद की एक ऐसी किरण दी है जिससे इनके लिए आगे की राह प्रशस्त होगी। मस्तूरी ब्लॉक की वेद परसदा निवासी प्रीति सिंह ने भी महतारी वंदन योजना के लिए आज फॉर्म भरा है। उन्होंने बताया कि वैसे तो उनके पति उनकी हर जरूरत पूरी करते हैं। उनसे स्नेह भी बहुत करते हैं, लेकिन कहीं न कहीं उन्हें इस बात की कसक थी कि उनकी स्वयं की कोई पहचान नहीं है। उनकी खुद की कोई आय नहीं है। महतारी वंदन योजना से मिली राशि उन्हें पहचान दिलाएगी। वे अपनी-अपनी छोटी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहेगी। गायत्री आदित्य का कहना है कि हम महिलाएं चैबीसों घंटे घर का काम करती हैं लेकिन इसके एवज में हमारे परिश्रम और त्याग के लिए हमें कोई प्रोत्साहन राशि नहीं मिलती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने हमारी सुध ली है और महतारी वंदन योजना के जरिए हमारे श्रम का सम्मान किया है। सरकार ने नाम भी कितना अच्छा रखा है महतारी वंदन, यह हमारे परिश्रम का सम्मान है। कुछ ऐसे ही विचार गणेशी देवांगन के भी हैं। वे कहती है इस योजना से निश्चित स्प से हमारी दशा और दिशा बदल जाएगी।

## जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने जिला प्रशासन ने ओपन लिंक फाउन्डेशन के साथ किया एमओयू

एजेंसी।

जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा एवं ओपन लिंक फाउंडेशन के मध्य एमओयू साइन किया गया। जिसके तहत जिले में विनोबा शिक्षक सहायक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में ओपन लिंक फाउंडेशन के द्वारा निर्मित एक विनोबा ऐप के माध्यम से शिक्षक सहायक कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभागार में आज कलेक्टर आकाश छिकारा, ओपन लिंक फाउन्डेशन के प्रमुख संजय डालमिया, ट्रस्टी राजीव कुमार, जिला इंगेजमेंट आफिसर हेमन्त, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर. के. खुंटे, अपर कलेक्टर लवीना पाण्डेय एवं जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा की उपस्थिति में ''विनोबा'' शिक्षक सहायक कार्यक्रम का लांच किया गया। राजीव कुमार व संजय डालमिया ने ''विनोबा एप'' के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में टीचर सपोर्ट, मोटिवेशन एवं प्रोग्राम मानिटरिंग के लिए एप बहुत ही उपयोगी है, इससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के कार्यों को तथा विभिन्न प्रकार के आंकड़ो को कलेक्शन करने में भी सहायक होगा। इसमे शिक्षक मुख्य है उन्हें सपोर्ट करके कंटेंट को अच्छे से इम्प्लीमेंट कराया जा सकता है, उपस्थितों को ''विनोबा एप'' का डाउनलोड करके इसके कार्यविधि के बारे में बताया गया। इस एप के माध्यम से नवाचारी शिक्षकों एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के सार्वजनिक करण के लिए एक मंच उपलब्ध कराया गया है। इससे जिले में शैक्षणिक गतिविधियों को सभी शिक्षकों तक निर्बाध रूप से पहुँचाया जाएगा। एवं उत्कृष्ठ शिक्षकों के द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों से अन्य शिक्षक प्रेरित होंगे।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग टीम की ली मासिक समीक्षा बैठक



सूरजपुर

आज स्वास्थ्य विभाग टीम की मासिक समीक्षा बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर रोहित व्यास ने अस्पतालों में पड़ी खराब मशीनों की एंट्री सीजीएमएससी के पोर्टल में कराने के लिए सीएमएचओ व बीएमओ को निर्देशित किया, ताकि अस्पतालओं और स्वास्थ्य केंद्रों मे पड़ी निष्क्रिय मशीनों को उपयोग में लाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल समीक्षा पर सिकल सेल की ट्रैसिंग और उसके डाटा एंट्री को सुनिश्चित करने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने विभाग को महत्वपूर्ण बताते हुए उपस्थित डॉक्टर और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसमें उन्होंने अस्पतालों को तय मापदंड के अनुरूप संचालित करने, समय पर उपस्थित, साफसफाई, दवाईयों की उपलब्धता जैसे बिंदुओं पर नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सुविधा अच्छे से क्रियान्वित हो यह सुनिश्चित करना संस्था प्रमुख की जिम्मेदारी है और सभी डॉक्टर, स्टाफ अधिकारी व कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा के साथ करें। उन्होंने सभी बीएमओ को एजेण्डा वार साप्ताहिक रिव्यू करने के लिये निर्देशित किया। बैठक में आयुष्मान कार्ड प्रगति, सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन प्रोग्रेस, एएनसी पंजीकरण, एचआईवी जांच, संस्थागत डिलीवरी, फैमिली प्लानिंग, मलेरिया टेस्ट, नैशनल टीवी उन्मूलन कार्यक्रम की स्थिति इत्यादि के सम्बंध में बिन्दुवार विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सीएमएचओ आर. एस. सिंह, सिविल सर्जन के एल ध्रुव, बीएमओ व संबंधित डॉक्टर और अधिकारी गण उपस्थित थे।

## राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय में निराकरण करें : कलेक्टर



जशपुरनगर

कलेक्टर मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अग्नि वीर भर्ती परीक्षा, महतारी वंदन योजना, राजस्व शिविर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अग्नि वीर सैनिक भर्ती के लिए जिले के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके लक्ष्य अनुसार प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य शासन की महतारी वंदन योजना फॉर्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गया है उसके लिए ग्राम पंचायत एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में फॉर्म प्रदाय कर आवेदन लिए जा रहे हैं। पात्रता एवं दस्तावेज संबंधी जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए जिससे पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने राजस्व प्रकरण की निराकरण के लिए पंचायत में ग्राम वार शिविर लगाए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए तथा लाभांवित हितग्राहियों से चर्चा करने कहा। उन्होंने राजस्व शिविर निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।उन्होने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होने नामांतरण एवं बंटवारा सहित राजस्व के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित तय सीमा में राजस्व प्रकरणों के निराकरण सुनिश्चित करें एवं जो प्रकरण समय सीमा के बाहर के है उन्हे प्राथमिकता से पहले पूर्ण करें और विभागीय पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होने तहसीलदारों को पटवारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरबीसी छह-चार के तहत आर्थिक सहायता के लिए प्राकृतिक आपदा की घटना होने पर पटवारियों को मौके पर जकार परीक्षण करने और प्रतिवदेन तहसीलदार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## डॉ. किरणमयी ने किया महिला उत्पीड़न से राजीनामा सहित कई प्रकरणों का निराकरण



महासमुंद

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य डॉ. अनिता रावटे ने आज जिला पंचायत सभा कक्ष महासमुंद में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज जिला स्तर में 7वीं नम्बर की सुनवाई हुई। महासमुंद जिला की आज की जनसुनवाई में कुल 38 प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गये थे। आज के सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि दो माह से अनावेदक से आपसी समझौता हो गया है। दोंनो साथ में रह रहे हैं उसे अब कोई शिकायत नहीं है। आनावेदिका क्रमांक 2 अनुपस्थित है, यदि उसके द्वारा आवेदिका को किसी भी प्रकार से प्रताड़ित किया जाता है, तो ऐसी दशा में प्रकरण पुनः चालू किया जाएगा। प्रकरण को एक वर्ष तक सखी सेंटर महासमुंद निगरानी करेगी इस निर्देश के साथ आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में आवेदिका के पिता जो मानसिक रूप से अक्षम है आवेदिका अपने पिता के भाईयों और उनके पुत्र के खिलाफ यह प्रकरण प्रस्तुत किया है, कि आवेदिका के पिता की मानसिक अक्षमता की फायदा उठा कर उनके जमीन की रजिस्ट्री की लिखा पढ़ी अपने नाम पर करा लिया है। इस प्रकरण को विस्तृत में सुने जाने के पश्चात प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि अनावेदक क्रमांक 1 व 2 दोनों ने विवाह कर लिया है। इसका प्रमाण कुटुम्ब न्यायालय में जारी पत्र 1 मई 2023 के पैरा क्रमांक 34 में यह स्पष्ट उल्लेखित है कि अनावेदक क्रमांक 1 ने दूसरा विवाह वैधानिक तलाक लिये बिना कर लिया है। जो वर्तमान में शिक्षाकर्मी वर्ग 3 के पद पर शासकीय सेवा में हाथीबाहारा में पदस्थ है व ग्राम देवरी थाना कोमाखान का निवासी है। शासकीय सेवा में होते हुए अपनी पत्नी से वैधानिक तलाक लिए बिना अवैध रूप से दूसरा विवाह करना सिविल सेवा आचरण संहिता नियम का उल्लंघन है। अन्य प्रकरण में दोनों पक्षों के मध्य आपसी राजीनामा हुआ, जिसमें समस्त प्रकरण वापस लेने के लिए एकमुश्त भरण पोषण राशि 2.5 लाख रुपए तीन किश्तों में आवेदिका को आनावेदक द्वारा दिया जावेगा।

## महतारी वंदन योजनान्तर्गत प्रत्येक पात्र महिला को करें लाभान्वित : कलेक्टर

आंग्नवीर वायु व थल सेना भर्ती के लिए युवाओं को प्रेरित करने पर बल :



जगदलपुर

कलेक्टर दयाराम ने कहा कि राज्य शासन की नवीनतम महतारी वंदन योजनान्तर्गत जिले के प्रत्येक पात्र महिलाओं को उनके हक के अनुरूप लाभ देना है, पात्रता रखने वाली कोई भी मातृशक्ति इस योजना के लाभ से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने अंदरूनी ईलाके में उक्त योजना का कारगर कार्यान्वयन किये जाने पर जोर देते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार करने सहित आवेदन पत्र भरने के लिए विशेष शिविरों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान उठाव स्थिति की समीक्षा करते हुए जिले के धान खरीदी केन्द्रों से मिलर्स के माध्यम से उठाव में अद्यतन प्रगति लाए जाने कहा। उक्त निर्देश कलेक्टर विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान दिए। बैठक में कलेक्टर ने जन शिकायत,जन चौपाल और पीएनजी के प्रकरणों का तत्काल कार्यवाही कर आगामी समय-सीमा से पहले निराकृत करने कहा। उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित किसान क्रेडिट कार्ड के लिए कृषि और संबद्ध विभागों को वर्ष 2024-25 हेतु दुगुना किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय करने कार्ययोजना तैयार किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही स्वाईल हेल्थ कार्ड प्रदाय को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय की समीक्षा करते हुए तोकापाल, लोहण्डीगुड़ा, बस्तर एवं दरभा के आंगनबाड़ी के बच्चों को प्राथमिकता से जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाने कहा। विशेष केंद्रीय सहायता मद, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण और डीएमएफटी मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का वर्षवार समीक्षा कर कार्यों को जल्द पूर्ण करने सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाडी केन्द्र तथा उचित मूल्य दुकान भवनों की प्रगति की जानकारी ली और वर्किंग सीजन में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने कहा। वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और तहसील कार्यालय भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए उक्त निर्माण कार्यों को अप्रैल माह तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। समय-सीमा की प्रकरणों की समीक्षा में कहा कि प्रकरणों का निराकरण में प्राथमिकता के साथ लिखित जानकारी देकर निराकृत प्रकरणों को नस्तीबद्ध किया जाए। अंतर विभागीय विषयों पर चर्चा किया गया। पेंशन से संबंधित प्रकरणों के निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया गया। राशन कार्ड के नवीनीकरण कार्य सहित ईकेवाईसी वाले कार्ड को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस दिशा में सीईओ जनपद पंचायत व नगर निगम के समन्वय के साथ करने कहा गया। वहीं पॉश मशीन के संचालन के संबंध में चर्चा किए और नवीनीकरण के लिए अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, डीएफओ उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी तथा सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। समय सीमा बैठक के दौरान अग्निवीर वायु एवं थल सेना भर्ती के लिए चर्चा किया गया, जिसमें अधिक से अधिक आवेदन भरने हेतु युवाओं को प्रेरित किये जाने कहा गया। वायु सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन की भरने की अंतिम तिथि 6 फरवरी से बढ़ाकर 11 फरवरी निर्धारित किया गया है इसमें 12 वीं पास युवा ही भाग ले सकते हैं। वहीं भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए 8 फरवरी से ऑनलाइन पंजीयन शुरू होगा। कलेक्टर विजय ने सभी सभी कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक के इच्छुक युवाओं से भी फार्म भरवाने के निर्देश दिए।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)